



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 252/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 29 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

### प्रधानमंत्री की कर्नाटक में चुनावी रैली

# मुझे कांग्रेस वालों ने 91 बार गालियां दीं कर्नाटक में भी खिलेगा कमल: मोदी



**बेंगलुरू।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीदर जिले के हुमनाबाद से चुनावी सभा की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा- मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था। खड़गे ने कहा था- आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली। प्रधानमंत्री के संबोधन में इशारा खड़गे की ओर ही था।

प्रधानमंत्री ने 2014 का वाकया याद करते हुए कहा- ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरुआत बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि- इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार जरूरी

क्क्रूने कहा- कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है। कांग्रेस की सरकार में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास विदेशी निवेश कर्नाटक में आता था, जबकि क्क्ष्क्की सरकार में अब हर साल करीब 90 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश कर्नाटक में आ रहा है।



### कर्नाटक में शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान मधुगिरी जिला तुमकुरू में रोड शो किया और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगा।







## नई शिक्षा नीति से भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है: राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि देश में नई शिक्षा नीति 2020 में लागे की गई है और इस नीति का मुख्य लक्ष्य भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। 2040 तक, सभी उच्च शिक्षा संस्थान का उद्देश्य बहु-विषयक संस्थान बनना होगा, जिनमें से प्रत्येक का लक्ष्य 3,000 या अधिक छात्र होंगे। इसकी इक्विटी, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित, यह नीति सतत विकास के लिए 2030 एजेंडे के अनुरूप है। वे आज प्रशासन अकादमी में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर राष्ट्रीय कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि स्कूल और कॉलेज शिक्षा दोनों को अधिक समग्र, लचीला, बहु-विषयक, 21 वीं सदी की जरूरतों के अनुकूल बनाया गया है और इसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र की अद्वितीय क्षमताओं को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 में कई बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनमें शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति देना, छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना और संस्थानों की दिशा में एक बड़ा कदम शामिल है। इस अवसर पर भोज विवि के कुलपति, अधिकारी एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्यपाल एवं सभी अतिथियों ने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।



## सीता जी की जन्म स्थली पुनौराधाम का पुनरुद्धार हो: प्रभात झा



भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने मां सीता जी की जन्म स्थली पुनौराधाम के पुनरुद्धार का मामला उठाया है। उन्होंने पुनौराधाम में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया। वो मानते हैं कि जिस तरह से श्रीराम जन्म भूमि का पुररुद्धार हो रहा है, उसी तरह सीता जी की जन्म स्थली का भी विकास होना चाहिए।

(इस संबंध में विशेष लेख पेज 4 पर)

## मुरैना एसपी बने शैलेंद्र सिंह चौहान, मनीष खत्री को भिंड की कमान, 7 पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी

**भोपाल।** मप्र के गृह विभाग ने सात आईपीएस के ट्रांसफर किए हैं। 23 दिन बाद मुरैना को नया एसपी मिला है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 6 अप्रैल को मुरैना एसपी आशुतोष बागरी को हटाने के आदेश दिए थे। आज जारी लिस्ट में भिंड एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान को मुरैना का एसपी बनाया गया है। खरगोन के एडिशनल एसपी मनीष खत्री को भिंड का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।





इंदौर के पुलिस उपायुक्त (अपराध) निमिष अग्रवाल का ट्रांसफर कैंसिल करते हुए उन्हें इंदौर में ही पुलिस उपायुक्त (आसूचना व सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इंदौर के पुलिस उपायुक्त (जोन 2) सूरज कुमार वर्मा पहली वाहिनी विसबल इंदौर के सेनानी बने। पहली वाहिनी विसबल इंदौर की सेनानी यांगचेन डोलकर भुटिया को पीटीसी इंदौर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। भुटिया के पास आरएपीटीसी के सेनानी का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। पीएचक्यू में एआईजी आशुतोष बागरी को 17वीं बटालियन भिंड का कमांडेंट बनाया गया है। उज्जैन के एडिशनल एसपी अभिषेक आनंद पुलिस उपायुक्त (जोन 2) इंदौर पदस्थ किया गया है।

### खरगोन और मलाजखंड में 1 इंच से ज्यादा बरसात

## मप्र में 4 मई तक आंधी, पानी और ओलों का मौसम, दो दिन पूरा प्रदेश भीगेगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 4 मई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। 60 से 65 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से आंधी चलेगी। ओले गिरेंगे और तेज बारिश भी होगी। अगले दो दिन तो पूरे प्रदेश में ही बारिश का सिस्टम एक्टिव होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान जताया है। इसके लिए एडवाइजरी जारी की है।



राजधानी में आज भी सुबह से बादलों का डेरा बना हुआ है। कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई है। शुक्रवार को भोपाल, बुरहानपुर, खरगोन, सीहोर, उज्जैन, बैतूल समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। सीहोर जिले में तो ओलों को फावड़े से समेटने की नौबत बन गई थी। मलाजखंड और खरगोन में पिछले 24 घंटे में 1 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है।

अमूमन अप्रैल के आखिरी सप्ताह में तेज गर्मी पड़ती है। अबकी बार आंधी, ओले के साथ बारिश हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट हुई है। दिन के साथ रात में भी पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क गया है।मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि इन दिनों पूरे प्रदेश में ही बारिश हो रही है। इसकी मुख्य वजह उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होना है, जो काफी मजबूत है। इसके साथ चक्रवात का असर भी है। इस कारण 29-30 अप्रैल को तेज बारिश होने, आंधी चलने और ओले गिरने की संभावना है। 1 मई से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। इससे 3-4 दिन मौसम बदला रहेगा।

## बायजूस के बेंगलुरु स्थित 3 ठिकानों पर ईडी का छापा




**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज यानी शनिवार को बायजूस के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन के बेंगलुरु स्थित तीन ठिकानों की तलाशी ले रही है। ईडी फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत ये कार्रवाई कर रही है। यह छापेमारी बायजू रवींद्रन और उनकी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर की गई है।

एजेंसी के मुताबिक, अधिकारियों ने तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला है। इसके अलावा कंपनी ने भी एफडीआई के नाम पर पैसा अलग-अलग देशों में भेजा।

### कंपनी ने विज्ञापन पर करीब 944 करोड़ रुपए खर्च किए

ईडी के अनुसार, बायजू के नाम से ऐडटेक प्लेटफॉर्म चलाने वाली थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड ने विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च के नाम पर करीब 944 करोड़ रुपए खर्च किए थे। वहीं कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से अपने फाइनेंशियल स्टेटमेंट तैयार नहीं किए और खातों का ऑडिट नहीं कराया। इसलिए इसकी जांच की जा रही है।

### बायजू रवींद्रन को समन जारी हुए, वे कभी पेश नहीं हुए

एजेंसी के मुताबिक यह कार्रवाई निजी लोगों द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर की गई है। इसके अलावा रवींद्रन पर आरोप है कि उनके नाम पर कई समन जारी किए गए, लेकिन वह ईडी से बचते रहे और कभी पेश नहीं हुए।



### प्रियंका रेसलर्स से मिलीं, भावुक हुईं तो गले लगाया, कहा-

## बृजभूषण को क्यों बचाया जा रहा है

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर महिला पहलवान जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। शनिवार को इस प्रदर्शन का 7वां दिन है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी सुबह 7.45 बजे जंतर-मंतर पहुंचीं। कहा- अब तक एफआईआर की कॉपी नहीं मिली है। सवाल है सरकार बृजभूषण को क्यों बचा रही।

उन्होंने विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया से बात की। वे करीब एक घंटे धरना स्थल पर रहीं। 50 मिनट तक बातचीत करती रहीं। विनेश और साक्षी बातचीत करते हुए भावुक हो गईं। प्रियंका ने विनेश के सिर पर हाथ रखकर दिलासा दिलाया। उधर, यूपी में ब्रजभूषण ने कहा कि मैं पूरी तरह निर्दोष हूं। अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। इससे पहले शुक्रवार देर रात बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली के कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली- दिल्ली पुलिस ने एक नाबालिग रेसलर से यौन शोषण के मामले में बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरी एफआईआर अन्य 6 महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोप में दर्ज हुई है।

### दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा, धरने के पीछे कांग्रेस का हाथ: बृजभूषण सिंह

बृजभूषण शरण सिंह ने अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अपनी बात कही है। उन्होंने न्यायपालिका और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा जताया है। साथ ही धरने के पीछे कांग्रेस का हाथ होने के आरोप लगाए हैं। बृजभूषण ने कहा एफआईआर करने की बात आई है। अभी एफआईआर की कॉपी मेरे पास नहीं है। लेकिन एफआईआर तो हो ही गई होगी। मुझे इसमें कुछ भी गलत प्रतीत नहीं होता। दिल्ली पुलिस पर मुझे पूरा भरोसा है। मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैं पूरी तरह निर्दोष हूं। मैं इन आरोपों का सामना करने के लिए तैयार हूं। जांच एजेंसी जहां भी उचित समझेगी, मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। मुझे पहले भी भरोसा था, आज भी भरोसा है।

# नव युवक सभा स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** नव युवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंधु माध्यमिक विद्यालय परिसर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवयुवक सभा के अध्यक्ष शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने संबोधित करते हुए कहा कि जो नर्सरी से 12वीं तक विद्यालय में जो पढ़ा, सीखा, समझा यही संस्कार जीवन भर काम आएंगे व ग्रीष्मकालीन अवकाश का समय व्यर्थ न गवाए कुछ नया सीखने का प्रयास करें ताकि आपके व्यक्तित्व का चैहमुखा विकास हो। प्रबंध समिति के सभी सदस्यों व शिक्षकगण के द्वारा हमारे विद्यालय अनंदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधु माध्यमिक विद्यालय एवं डी. डी. प्ले स्कूल की कक्षाओं में आने वाले प्रथम द्रितीय व तृतीय श्रेणी के छात्र -छात्राओं को पुरस्कार देकर व पालको का सम्मान किया गया वर्ष भर में की गई राष्टीय कैडेट कोर में अच्छा प्रदर्शन करने कैडेट व पालको का सम्मान किया गया।

# मिशन अंकुर में हर जिले में कार्य करेंगे व्यावसायिक दक्ष

## मध्यप्रदेश निपुण प्रोफेशनल्स कार्यक्रम का शुभारंभ एक मई को

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य शासन के मिशन अंकुर कार्यस्त्र5म के अगले चरण में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित किये जाने वाले मध्यप्रदेश निपुण प्रोफेशनल्स फेलोशिप का शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी सोमवार एक मई को शाम 4 बजे शुभारंभ करेंगी। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज मुंबई के निदेशक कार्यक्रम में वर्चुअली सहभागिता करेंगे। मध?यप्रदेश में इस फेलोशिप का क्रियान्वयन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज मुंबई के सहयोग से किया जायेगा, जिसमें आगामी 2 वर्ष तक प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में एक सुशिक्षित और उच्च कौशल से परिपूर्ण योग्य युवा फैलो की तैनाती की जायेगी।

व्यवसायिक रूप से दक्ष इन युवाओं द्वारा ज़िला प्रशासन को मिशन अंकुर के क्रियान्वयन के लिए सहयोग दिया जाएगा, जिसमें डाटा आधारित रणनीति निर्माण, आवश्यकतानुसार क्षमतावर्धन एवं मिशन से जुडी नियमित प्रगति सुनिश्चित करना शामिल है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) 2020 में वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चों द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (स्नरूह्) हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'निपुण भारत मिशन' (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 तक निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2021 में मिशन अंकुरकार्यक्रम प्रारंभ किया है।

शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यू ट्यूब चैनल की लिंक https://youtube.com/live/KSe-y-nzjny?feature=share पर देखा जा सकेगा।

# वार्ड 13 में शॉपिंग सेंटर टीला रामपुरा के शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री





**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा के साथ वार्ड क्रमांक 13 में शॉपिंग सेंटर टीला रामपुरा पहुंचकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया एवं लाड़ली बहनों के फॉर्म भर कर उनसे संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनों ने आपने घर से बना कर लाई मिठाई खिलाकर मंगल गीत गाकर अपनी तरफ से धन्यवाद प्रेषित किया एवं रंगोली बना कर अभिवादन व्यक्त किया। कार्यक्रम में महापौर मालती राय, पार्षद वार्ड 13 मनोज राठौर, पार्षद वार्ड 12 देवेन्द्र भार्गव सहित क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे।

# महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित रमन त्रिवेदी को किया जाएगा सम्मानित

**भोपाल।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर पंडित रमन त्रिवेदी को बुसान कृश्चियन यूनिवर्सिटी फ़ॉर फॉरेन स्टडीज बुसान, दक्षिण कोरिया, द्वारा मान्यता प्राप्त वैश्विक मान्यता परिषद जर्मनी, द्वारा आध्यात्मिकता के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। 6 मई 2023 को होटल नाहर निलगिरीस, ऊटी, भारत के तमिलनाडु राज्य में अतिविशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है। अंतराष्ट्रीय हस्तियों के द्वारा महाकालेश्वर पण्डित रमन त्रिवेदी को आध्यात्मिकता के लिए डॉकरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा महामंडलेश्वर पण्डित डॉ. रमन त्रिवेदी ने अपना सम्पूर्ण जीवन आध्यात्मिक के लिए जनकल्याण करने के लिए समर्पित किया है। देश विदेशों के अनगिनत सम्मानों से सम्मानित महामंडलेश्वर पण्डित डॉ. रमन त्रिवेदी जी, को साक्षात महाकाल का आशीर्वाद है। जनहित के कल्याण के लिए , प्राणियों की रक्षा मनुष्यों में सदभाव और समभाव के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

# संस्कृति विभाग ने लाड़ली बहना योजना में गीत लेखन प्रतियोगिता के विजेता किए घोषित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संस्कृति विभाग ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आठ विभिन्न बोलियों में गीत लेखन और सांगीतिक रचना के विजेता घोषित किए हैं। हिंदी के लिए ग्वालियर के श्री बृजेश सिंह यादव को प्रथम, विदिशा के श्री राहुल विश्वकर्मा को द्वितीय और सिंगरौली के श्री अशोक पांडे को तृतीय विजेता चयनित किया गया है। बुंदेली बोली के लिए नरसिंहपुर के श्री सुमित दुबे को प्रथम शिवपुर के श्री गिर्राज पालीवाल को द्वितीय और जबलपुर के श्री निरंजन सिंह/प्रदीप सोनी को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया है। प्रतियोगिता में इसी तरह निमाड़ी बोली के लिए खरगोन के श्री अंकुर जोशी को प्रथम, महेश्वर के श्री हरीश दुबे को द्वितीय और खरगोन के श्री यशवंत यादव को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया है। मालवी बोली के लिए उज्जैन के पंडित हरी हरेश्वर पोद्दार को प्रथम, उज्जैन की डॉ. तृप्ति नागर को द्वितीय और नरसिंहगढ़ के श्री महेश राव को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया है। कोरकू बोली में कोई प्रविष्टि प्राप्त नहीं हुई। वही बघेली, भदावरी, भीली और गोंडी बोली में प्राप्त गीत और ऑडियो क्लिप में किसी भी प्रतिभागी को पुरस्कार योग्य नहीं पाया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन की लाड़ली बहना योजना पर आधारित हिंदी सहित प्रदेश की 8 विभिन्न बोलियों बुंदेली, बघेली, निमाड़ी, मालवी, भदावरी, भीली, गोंडी और कोरकू में गीत लेखन एवं साहित्यिक रचना में प्रतिभागियों से रचनाएँ आमंत्रित की गई थी।

# 6 मई को बोरवन पार्क में होगा पगड़ी रस्म हाल के लिए भूमिपूजन

## 50 लाख की लागत से बनाया जाएगा भवन, लोगों को मिलेगी सुविधा



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर में लंबे समय से की जा रही पगड़ी रस्म हाल की मांग अब पूरी होने जा रही है। इसकी विधायक रामेश्वर शर्मा ने घोषणा की है जिसका 50 लाख रुपए की लागत से 6 मई को बोरवन पार्क में भूमि पूजन होगा। यहां बता दें कि इससे पूर्व तत्कालीन महापौर आलोक शर्मा से भी सिंधी सेंट्रल पंचायत ने हाल के लिए 2 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई थी और प्रेम रामचंदानी आदर्श मार्ग स्थित पुराने गैस दावा अदालत भवन में निर्माण भी शुरू हुआ लेकिन हाई टेंशन लाइन के कारण पूर्ण नहीं हो सका। 50 लाख की लागत से पगड़ी रस्म हाल के निर्माण की घोषणा और भूमि पूजन की तारीख तय करने के लिए पंचायत के संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी, ईश्वरदास हिमथानी, रमेश लाल आसवानी, वासुदेव वाधवानी, अध्यक्ष चंदप्रकाश ईसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, उपाध्यक्ष संत नरेश पारदासानी, नरेश चोटरानी, जगदीश आसवानी, रामचंद सबनानी, सचिव रमेश हिंगोरानी सहित सभी पदाधिकारियों ने हुजूर के लोकप्रिय विधायक रामेश्वर शर्मा को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बस-ट्रक चालकों सहित कई व्यवसायियों पर किया स्पॉट फाइन

**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने तथा साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने व स्वच्छ पर्यावरण के दृष्टिगत सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्माकोल तथा प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग न करने, घरों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले-सूखे तथा अन्य प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन रखने तथा डोर टू डोर कचरा संग्रह करने वाले वाहन को अलग-अलग ही देने हेतु अनेक प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से जन जागृति एवं समझाइश के द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं तथा बार-बार समझाइश के बाद भी साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध निगम अमले द्वारा सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सहित निगम के सफाई अमले द्वारा निरंतर अपने अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी भी की जा रही है। इसी तारतम्य में जोन क्रमांक 14 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 61 खजूरी कलां में कबाड़े की दुकान संचालक द्वारा तांबा निकालने हेतु वायर जलाकर वायु प्रदूषण फैलाने पर 500 रूपये, वार्ड क्रमांक 60 में सागर गेरे रेस्टोरेंट के संचालक द्वारा रेस्टोरेंट की धुलाई कर पानी सड़क पर बहाया जा रहा था जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही थी जिस पर 500 रूपये, वार्ड क्रमांक 62 में सार्वजनिक सड़क पर ट्रक की सफाई कर कचरा फैलाकर गंदगी करने वाले ट्रक चालक पर 500 रूपये, खजूरी बायपास रोड स्थित ढाबा संचालक द्वारा ढाबे का कचरा नाले में डालने पर 1000 रूपये तथा आईएसबीटी परिसर में बसों की धुलाई कर गंदगी करने पर 200 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। इसके अलावा जोन क्रमांक 04 में 17 प्रकरण में राशि 1950 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 18 प्रकरण में राशि 3600 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# आरती के माध्यम से जुड़ता है ईश्वर से हमारा तादात्म्य: सिद्ध भाऊ

## चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में आरती के महत्व पर सत्र का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालाणी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में छात्राओं के जीवन में आध्यात्मिक रूचि जाग्रत करने हेतु आरती सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं की समस्त छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी।

संत सिद्ध भाऊ ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें नित नियम से भगवान का पूजन व अर्चन करना चाहिए साथ ही हमारे माता पिता भी हमारे बीच भगवान के स्वरुप ही हैं अत: हमें उनका भी आदर व सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति हमें गुरू के माध्यम से होती है। हमें बुरी आदतों व विचारों से दूर रहना है। सभी को हमेशा अपने प्रति सजग रहना है। दूसरों के दोषों का चिन्तन नहीं करना है। सद्गुणों को आत्मसात करना है। परम् सत्ता एक है। सदैव उसका ध्यान व स्मरण करें। भगवान कहीं और नहीं अपितु हमारे अंदर हैं। भगवान की भक्ति करना स्वयं के अंदर के भगवान को पहचानना भी है। दूसरों पर दया करना भी प्रभु की भक्ति है। सभी छात्राओं को आरती की थाली व सामग्री का वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी दैनिक दिनचर्या में प्रतिदिन ईश्वर को याद करते हुए कुछ समय उनके पूजन-अर्चन को भी समर्पित करें।

# भागवत कथा के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महंत पप्पू नाथ के नेतृत्व एवं कथावाचक सिद्धार्थ महाराज, प्रदेश अध्यक्ष बालिस्ता रावत के उपस्थिति में निकली भव्य कलश यात्रा । बजरंग हम्माल श्रमिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष बालिस्ता रावत ने सबके सुख समृद्धि की प्रभु से प्रार्थना की एवं कथा आयोजन समिति को बधाई शुभकामनाएं दी । विश्व हिंदू महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष, गुरु गोरक्ष नौ नाथ मंदिर के महंत पप्पू नाथ ने बताया कि बाबा गोरखनाथ समिति भोपाल के द्वारा 28 अप्रैल 2023 से 04 मई 2023 तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महासत्र का आयोजन एवं 05 मई 2023 को शिवावतार गुरु गोरखनाथ प्रकट उत्सव, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा । कलश यात्रा वार्ड 73 शिव नगर फेस-2 गुरु गोरक्ष नौ नाथ मंदिर से शुभारंभ होकर कल्याण नगर, विदिशा मेन रोड एवं शिव नगर होते हुए गुरु गोरक्ष नौ नाथ मंदिर पर समापन हुई कलश यात्रा में विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जोशी, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, समाजसेवी प्रकाश पटेल, रमेश साहू, भगवानदास गंगेले, भागवती पटेल, दिव्या पटेल, विमलेश ठाकुर, रामेश्वरी सिंह, नंदलाल टेकवानी, भोला चौहान, कमल मीना, मुकेश बघेल, नरेंद्र पटेल एवं अनेकों क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# महापौर ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 हेतु निर्धारित मापदण्डों अनुसार स्वच्छता की गतिविधियां संचालित करने के दृष्टिगत जोन क्रमांक 05 के वार्ड क्रमांक 08, 09, 14, 19, 22 एवं 23, जोन क्रमांक 09 के वार्ड क्रमांक 36 तथा जोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 39 के विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक घर/दुकान/संस्थान से कचरा एकत्र करने, कचरे का बेहतर ढंग से पृथक्कीकरण करने और पृथक्कीकृत कचरा भी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचाने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने विभिन्न कचरा वाहनों में कचरा परिवहन की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों से भी संवाद किया और निगम की कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया तथा घरो/संस्थानों से निकलने वाले गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में रखने व कचरा एकत्र करने आने वाले सफाई मित्र को अलग-अलग ही कचरा देने की समझाइश दी। महापौर मालती राय ने शुक्रवार को प्रात: रॉयल मार्केट, कोहेफिज़ा थाना, शहीद नगर, इमामीगेट, अशोका कालोनी, बारह दरी, पीरगेट, अलीगंज, नेहरू रोड, मोती मस्जिद, इब्राहिमपुरा चटोरी गली, हाथीखाना आदि क्षेत्रों तथा दोपहर बाद खटीक कालोनी, पुष्पा नगर, रोशन बाग, हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग, रानी अमानबाई कालोनी, जागृति कालोनी, नवीन नगर महामाई का बाग आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था का जायजा लिया।


# डेन्टोरल डेन्टल हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ




**भोपाल।** प्रगति पेट्रोल पंप के सामने स्थित डेन्टोरल (डॉ. अमित खरे) विगत् 17 वर्षो से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ देते हुए आ रहे है कल डेंटोरल डेंटल हॉस्पिटल का भव्य अनावरण सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि डॉ. अमित खरे दंत चिकित्सा में सर्वोत्तम व आधुनिक तकनीक से डेंटल इंप्लांट (जड़ सहित दाँतो को प्रत्यारोपित करना) व सिंगल सिटिंग रुट केनल ट्रीटमेंट द्वारा अनेकों मरीजों का सफलतम इलाज करने वाले भोपाल के प्रथम दंत चिकित्सक है एवं भोपाल व मध्यप्रदेष में हजारों मरीजों का सफल उपचार कर चुके है व निरंतर कर रहें है इसीलिए डेंटोरल डेंटल हॉस्पिटल में सभी अत्याधुनिक तकनीकों का एक छत के नीचे समावेष किया है जिससे मरीजों को कोई भी असुविधा न हो यह हॉस्पिटल 8000 वर्गफिट में विस्तृत सभी आगंतुको को विष्वस्तरीय सुविधाएँ व ईलाज प्रदान करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# एलएन मेडिकल के छात्रों का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में एलएन मेडिकल कॉलेज के छात्रों का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव SYNAPSE - 2023 का शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने फैशन शो के दौरान स्टेज पर अपने जलवे बिखेरे।

साथ ही डीजे नाईट में डीजे तेजस की धुन पर जमकर थिरके। कार्यक्रम के अंतिम दिन की शुरुआत ओपन स्टेज के साथ हुई, जहां कॉलेज के छात्र-छात्रओं ने अपने अंदर के छुपे कलाकार को सबके सामने प्रस्तुत किया। इसके बाद क्विज कॉम्पिटिशन में छात्रों ने दिमागी कसरत भी की। साथ ही पेपर डांस, ग्रुप बलून रेस, जंपिंग जैक जैसे फन गेम्स खेले। इस दौरान कॉलेज बैंड की प्रस्तुति दी गई। अंतिम दिन छात्र-छात्रओं ने टीशर्ट पेंटिंग, स्टोन पेंटिंग, फेस पेंटिंग और पेन टेटुइंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे, प्रो. चांसलर डॉ.अनुपम चौकसे, वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, डायरेक्टर डॉ. श्वेता चौकसे, डायरेक्टर पूजाश्री चौकसे, डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता वाइस चान्सलर डॉ. एन के थापक एलएन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ नलिनी मिश्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की

# जिला गौरव दिवस राजा हृदेश शाह की पुण्यतिथि पर 4 राजाओं की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल, तेलंगाना के विधायक टी राजा, विधायक जालम सिंह पटैल, संजय शर्मा, नर्मदा प्रसाद प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**







**नरसिंहपुर।** 1842 की क्रांति की अगुवाई करने वाले नर्मदा टेरीटरीज के क्रांतिकारी बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हृदेश शाह जी की पुण्यतिथि जिला गौरव दिवस के अवसर पर केरपानी स्थित राजा हृदेश शाह जी के किले पर उनकी मूर्ति के समीप राजा डेलनशाह,राजा गजराज सिंह, राजा नरवर शाह ,मेहरवान सिंह जी की मूर्तियो का अनावरण किया साथ ही मंच के माध्यम से विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया कि हमारे जिले के लिए गौरव की बात है की आजादी की प्रथम क्रांति में हमारे जिले के क्रांतिकारियों की मुख्य भूमिका रही लेकिन हमारे इस इतिहास को हमें कभी बताया नहीं गया में देश के प्रधानमंत्री जी का आभार मानता हूँ जिन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के माध्यम से हमारे क्रांतिकारियों और हमारे गौरवशाली इतिहास से हमें अवगत कराया विधायक संजय शर्मा ने बताया की हमारे नरसिंहपुर जिले की पावन भूमि से जन्मे ऐसी वीर जवान जिनके नाम लेने पर हमें गर्व होता है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि माँ नर्मदा की पावन भूमि है माँ की बड़ी कृपा है हम सभी पर और आज इस जिला गौरव दिवस पर में हमारे सभी क्रांतिकारीयो को नमन करता हूँ तेलंगाना से आये विधायक टी राजा से कहा कि तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयो को प्रणाम करता हूँ जिन्होंने देश की आजादी के लिए युद्ध लड़ा आज क्रांतिकारीयो की प्रतिमा का अनावरण हुआ है और क्रांतिकारीयो के बंशज हमारे साथ मोजूद है और आज युवाओ को इस गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने में सबसे बड़ा प्रयास जालम सिंह पटेल जी ने किया है नरसिंहपुर की भूमि योद्धाओं की भूमि है हमें मातृभूमि से बढ़कर कुछ प्यारा नहीं है हम अपने प्राणों के साथ सर्वस्व न्योछावर करने से भी नहीं चुकते इसका प्रमाण है राजा हृदेश शाह जी और उनके साथी जिन्होंने आजादी के लिए अपना सबकुछ अर्पण कर दिया केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जी ने कहा कि में देश के प्रधानमंत्री का अभिनंदन करता हूँ जिन्होंने आजादी के 75 अमृत महोत्सव में देश के गुमनाम शहीदों को स्थान देने का संकल्प लिया था जिसका परिणाम है 170 साल बाद राजा हृदेश शाह जेसे व्यक्त्वि को स्थान मिला जालम सिंह मेरे अनुज है लेकिन में उन्हें और उनकी टीम को धन्यवाद देता हूँ ये नर्मदांचल 300 वर्षो तक संघर्ष करता रहा जहा गन्ने के खेत में 200 लोग जिसमे से कुल 46 लोग जीवित बचे और कुछ उसमे से भी शहीद हो गए और जिन लोगों को देवरी में आम के पेड़ से लटका कर फाँसी दी गई उनके वंशज हमारे साथ मोजूद है हम जिन्हें आदिवासी कहते है उन्होंने जिस वीरता का परिचय दिया वो जलियावाले कांड से कम नहीं है में इस पूण्य भूमि को नमन करता हूं।

इस अवसर पर केन्दीय केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल तेलंगाना के विधायक टी राजा लोधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय डेविड विधायक जालम सिंह पटेल संजय शर्मा नर्मदा प्रसाद प्रजापति देवेंद्र पटेल गुड्डू राजा कौशलेन्द्र सिंग गौतम पटेल जिलापंचायत अध्यक्ष ज्योति ककोडिया जनपद अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार शोभरण ठाकुर सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधियों सहित आम जनो की मोजूदगी रही। हमारे पूर्वज निजाम से लड़े हम ओबीसी से लड़ रहे हैं टी राजा तेलंगाना के विधायक एवं युवा हिंदू सम्राट टी राजा ने कहा कि हमारे पूर्वज लड़ते लड़ते मध्य प्रदेश से हैदराबाद गए थे पूर्वज तत्कालीन राजा निजाम से लड़े थे अब हम ओबीसी जैसे बागड़ बिल्ला से लड़ रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारी रगों में मध्यप्रदेश का खून दौड़ रहा है केरपानी समेत समूचा मध्य प्रदेश सुर वीरों की धरती है टी राजा ने कहा कि हिंदुओं की लड़ाई लड़ने के कारण कई बाहर जेल जा चुका है जा चुका हूं अपने आक्रामक अंदाज में कहा कि जेल तो हमारा फार्म हाउस है। भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर बलिदानियो की धरती है नरसिंहपुर का इतिहास खोज कर लिखने की जरूरत है वह 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह के गौरव दिवस समारोह को आज केरपानी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि मेरे अनुज एवं नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल के अथक प्रयास से 180 साल बाद राजा हृदय शाह का बलिदान मूर्त रूप ले सका श्री पटेल ने कहा कि अपनी संतानों को नशे की लत से बचाना हर परिवार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। केरपानी में गौरव दिवस समारोह के सूत्रधार एवं नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल की मंत्री प्रह्लादपटेल तेलंगाना विधायक टी राजा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक एनपी प्रजापति तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा पूर्वजिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल समेत सभी अतिथियों ने जमकर सराहना की समारोह में राजा हृदय शाह के वंशज एवं जिन शहरों बलिदानी राजाओं की मूर्ति का अनावरण किया गया है उनमें से भी कई के बंशज मंच पर आसीन थे जिनका अतिथियों ने सम्मान किया गौरव दिवस समारोह में देशभर के लोधी समाज के जनप्रतिनिधि शामिल हुए तथा देश भक्तों की आजादी की लड़ाई में योगदान पर प्रकाश डाला। एवंअखिल भारतीय गुर्जर महासभा मध्य प्रदेश की ओर से प्रदेश के मीडिया प्रभारी पत्रकार एवं जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने शिरकत की

# मछली पालकों को उन्नत तकनीक से जोड़ने दो करोड़ के साधन उपलब्ध कराएं

**मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री सिलावट के मुख्य आतिथ्य में मछुआ सम्मेलन का आयोजन**

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल




इंदौर जिले के 250 मछली पालकों को आधुनिक एवं उन्नत तकनीक से जोड़ने के लिये दो करोड़ रूपये से अधिक राशि के आधुनिक साधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जल संसाधन तथा मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इन मछली पालकों को आज यहां सांवेर में आयोजित विशाल मछुआ सम्मेलन में उक्त साधन एवं सुविधाएं वितरित की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश सोनकर, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक मत्स्य विकास पुरुषोत्तम धीमान, अपर सचिव मछुआ कल्याण अनुराग चौधरी, संचालक मत्स्य पालन भारत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, जनपद अध्यक्ष रामकन्या बाई सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मछुआ समाज के लोग उपस्थित थे।

जल संसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मेलन का मां सरस्वती और राजा केवट के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलित और कन्या पादपूजन के साथ शुभारंभ हुआ। मंत्री सिलावट ने सांवेर मछुआ सम्मेलन में कहा की आज का दौर परिवर्तन एवं तकनीक का युग है। इसको देखते हुये मछली पालकों को भी मछली पालन के आधुनिक तौर-तरीके सिखाये जा रहे है। उन्हें आधुनिक एवं उन्नत तकनीक से जोड़ने के लिये साधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश में मछुआ समाज के लिये अनेक योजना का लाभ इस समुदाय के लोगों को दिया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुसार समाज के सबसे पिछड़े वर्ग के लोगो को रोजगार संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

मंत्री सिलावट ने कहा की आधुनिक युग में प्रदेश में नए तरीके से मछली पालन का काम शुरू कराया गया है। केवट समाज के लोगो के लिए यह सरकार कृत संकल्पित होकर कामकर रही है। मछुआ समाज के युवाओं को नई मोटर साईकिल दी जा रही है, जिससे उन्हें व्यवसाय में मदद मिले। मछुआ समाज कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संबल विकास योजना का लाभ भी आज सांवेर के मछुआरों को दिया जा रहा है। विगत 5 वर्षों में मछुआ समाज की 667 बालिकाओं को मीनायोजना में विवाह के लिए 20-20 हजार रूपये की को राशि प्रदान की गई है। सिलावट ने कहा की हमारा समाज केवट समाज का सदैव ऋणी है। आज भी पूरा विश्व उनका आभार व्यक्त करता है। केवट समाज के लोगों को सम्मानित कर हम स्वयं भी सम्मानित हो रहे है। राजा केवट ने जगत के पालनहार राम प्रभु , माता सीता, भाई लक्ष्मण को गंगा पार कराया । आज हम उस समाज के भाईयो के लिए कुछ कर सके तो हम सब गौरांवित महसूस करेंगे। मंत्री सिलावट ने बताया की मछुआ समाज के मछली का व्यवसाय करने वालो 25 युवाओं को मोटर साईकिल और स्कूटर आइस बॉक्स के साथ प्रदान की गई है। 150 से अधिक मछुआ भाईयो को मछुआ किट प्रदान की गई। जिससे युवाओं को घर बैठे ही रोजगार उपलब्ध होगा और लोगो को फ्रेश मछली मिल सकेगी। साथ ही मछली विक्रय के लिए दो किसानों को फिश कियोस्क स्थापना के लिए 12 लाख रूपए दिए गये है। हैचरी निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, फिश मिड मिल के लिए 78 लाख रूपए की मदद प्रदान की गई। इसी तरह 10 ऐसे मत्स्य पालक/ किसान जो अपने खेत में मछली पालन के लिए तालाब निर्माण करना चाहते हैं, उन्हें 44 लाख रूपए की, बायोफ्लाक पॉण्ड निर्माण के लिए 11 लाख रूपए की मदद दी गई है। इसी तरह 50 मछुआरों को क्रेडिट कार्ड भी दिया गया है। 150 मछुआरों को 5 लाख रूपए लागत की मछुआ जाल किट दी गई है।

पूर्व विधायक राजेश सोनकर ने कहा की देश में प्रदेश की सरकार नंबर एक पोजिशन पर है। आधारभूत संरचना, गरीबों के लिए चल रही हितग्राही योजना, में प्रदेश एक नंबर पर है। प्रदेश में सबसे संवेदनशील सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम को प्रमुख सचिव मत्स् पालन श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, संचालक मत्स्य पालन भरत सिंह और अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में स्थापित होगी सत्यार्थी चेयर




**भोपाल।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा यदि आपने अपने अंदर का बच्चा जीवित रखा है तो इसमें कोई संदेह नहीं कि आप एक अच्छे मनुष्य हैं। वे रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद विधि विभाग के विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। इस चर्चा में भाग लेते हुए रुचि कपूर ने बताया कि उनके बहुत सारे ऐसे प्रोजेक्ट हैं जिसमें मानवीय संवेदनाओं को संजौने और जागृत करने का प्रयास किया जाता है।उन्होंने बताया कि बहुत शीघ्र उनके संरक्षण में एक मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है जहां बच्चों के पोषण एवं चिकित्सा के लिए बहुत सारे कदम उठाए जाएंगे। सत्यार्थी से उन्होंने कहा कि आपकी बातों से हम सबको बहुत प्रेरणा मिली है और हम चाहते हैं कि बाल अपराध और शोषण से उन्हें मुक्त कराने के अभियान में सारे लोग एक साथ जुड़ें। रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति सिद्धार्थ कपूर भी बातचीत में शामिल थे। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया की यदि रामकृष्ण धर्मार्थ विश्वविद्यालय को इस कार्य के लिए सहयोगी बनाया जाएगा तो वे उसका स्वागत करेंगे। इस बातचीत से यह निष्कर्ष निकल कर सामने आया कि शीघ्र ही बाल अपराध रोकने तथा बचपन बचाओ के अभियान में सत्यार्थी चेयर की स्थापना कर अध्ययन के नए सोपान तय किये जा सकते।

# जनजातीय कार्य विभाग की प्रशासन अकादमी में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में %छात्रावास प्रबंधन में गुणवत्ता% विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षकों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शिक्षाविद् जी.सी. बदोनिया ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय छात्रावासों का रंग-रोगन और सौन्दर्यीकरण भी अन्य भवनों की तरह सुंदर व आकर्षक होना चाहिए। अधीक्षकों को चाहिए कि वे छात्रावासों का भी अपने घर की तरह और विद्यार्थियों का अपनी संतान की तरह ही संवेदनशीलता के साथ ख्याल रखें। शिक्षाविद् आनंद गंगोलिया ने अधीक्षकों को छात्रावास की सुविधाओं, भवन, पढ़ाई, खान-पान, पोषण, स्वच्छता, मूलभूतक सुविधाओं व विद्यार्थियों की आवश्कताओं संबंधी विषयों पर संबोधित किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए कोचिंग, सांस्कृतिक आयोजन, पालक शिक्षक बैठक व अन्य सह अकादमिक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर आयुक्त जनजातीय कार्य संजीव सिंह, अपर आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, संभागीय उपायुक्त सीमा सोना व अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीताराम नाम जप महायज्ञ में चल रही रामलीला का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

**प्रभू राम के लिये पुरूषों ने अपना पुरूषतत्व, नारी ने अपना नारित्व छोड़ दिया: आचार्य धीरेन्द्र मनीषी**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजघाट स्थित माँ शारदा देवी मंदिर प्रागण में चल रहे विश्व कल्याण हेतु श्री सीताराम नाम जप 1008 कुण्डीय महायज्ञ में शुक्रवार को प्रात: 6 बजे शिवजी का रूद्र अभिषेक गन्ने के रस से किया गया। बनारस के आचार्य धीरेन्द्र मनीषी ने बताया कि घर में लक्ष्मी के लिये स्थिर व बैभव व सुख शांति के लिये गन्ने से शिवजी का अभिषेक किया जाता है। जिसको लेकर श्री सीताराम नाम जप महायज्ञ में शुक्रवार को राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा उनकी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह राजपूत सहित सभी यजमानों द्वारा गन्ने के रस से शिवजी का रूद्र अभिषेक मंत्र उच्चारणों के साथ पूर्ण विधि विधान से किया गया। जिसके पश्चात 12 बजे से सभी यजमान यज्ञ शाला पहुंचे जहां बाल्मिकी रामायण के श्लोकों द्वारा यज्ञ किया गया। जिसमें बनारस के आचार्य धीरेन्द्र मनीषी द्वारा भगवान श्रीराम के बनवास का व्याख्यान किया गया। आचार्य मनीषी ने श्लोकों द्वारा बताया कि प्रभु श्रीराम जब अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिये बनवास हेतु प्रस्थान कर रहे थे, उस समय आयोध्यावासी उन्हें छोड़ने के लिये उनके साथ जा रहे थे। पर आयोध्या की सीमा के बाहर प्रभु ने सभी पुरूष तथा स्त्रियों को वापस लौट जाने के लिये कहा लेकिन कुछ लोग उनके साथ चले गये यहीं से किन्नरों की उतपत्ति हुई। यज्ञ शाला में रामायण श्लोकों के साथ प्रभु श्रीराम के बनवास जाने का व्याख्यान किया गया। यज्ञ शाला की परिक्रमा करने के लिये श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने यज्ञ शाला की परिक्रमा करते हुये व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मेला प्रवक्ता राजकुमार बरकोटी ने बताया कि यज्ञ में शामिल होने के लिये रोज ही सैकड़ों श्रद्धालु सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित विदिशा, भोपाल तथा देश भर से आ रहे हैं जिनकी व्यवस्था में यज्ञ समिति के लोग 24 घण्टे लगे हुये हैं। यज्ञ प्रागण में शाम को आयोध्या तथा चित्रकूट से आये कलाकारों द्वारा रामलीला की प्रस्तुति दी जा रही है, जहां पर आस पास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामलीला की प्रस्तुति कर रहे कलाकारों ने अपनी मनमोहन प्रस्तुति से क्षेत्रवासियों का मन मोह लिया। संगीतमय रामलीला की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जा रही है श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया एवं फूल वर्षा कर श्रीराम और सीता बने कलाकारों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह राजपूत टिंकू राजा, कुंवर सिंह ठाकुर, मूरत सिंह राजपूत सहित यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा सारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं श्रद्धालुओं के साथ पुण्य लाभ लिया।

# लाड़ली बहना योजना से कांग्रेस में मायूसी: सक्सेना

**भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय संयोजक एमके सक्सेना एवं प्रातांध्यक्ष डॉ. रामेश्वर मिश्रा का कहना है कि भाजपा की लाड़ली बहना योजना लागू होने से कांग्रेस में मायूसी छा गई है। भाजपा की लाड़ली बहना योजना के लागू होने से 23 से 60वर्ष की बिना कामकाजी महहिलाओं को चुनाव पूर्व 1000 रूपये प्रति माह मिलने से करोड़ों महिलाओं के वोट भाजपा के खाते में जाने से कांग्रेस में मायूसी छा गई है। बता रहे हैं कि एमपी में 2023-24 के चुनाव जीत के लिए कांग्रेस के 5 रथों पर 5 दिग्गज नेताओं कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, अरुण यादव, अजय सिंह का जनहित वचनपत्र-23 एवं शिवराज सरकार के खिलाफ 388 पाइन्ट्स का गड़बड़-घोटाले का आरोप पत्र-23 लेकर 52 जिलों के मालवा, चंबल, महाकोशल, विन्ध, बुंदेलखंड,अंचलों में 6 माह दोड़कर,जनता से वोट मांग सत्ता की जीत हासिल करना है चूंकि 15माह की कमलनाथ कांग्रेस सरकार में जनहित वचनपत्र-2018 के मुद्दों के क्रियान्वयन आदेश जारी नहीं होना,3वर्ष की शिवराज सरकार से भी वचनपत्र-2018 एवं जनहित प्रमुख 18मुद्दों के किरियांवन आदेश जारी नहीं कराना, धोका खाई जनता का कांग्रेस से नाराज रहना,ऐसी स्थिति में प्रदेश की जनता का 2023-24 के चुनाव में कमल नाथ कांग्रेस पर कितना भरोसा होगा और उसे कितना रिसपोन्स मिलेग सवालिया प्रश्न लगा है ?

# एम्स में एकीकृत विष विज्ञान सत्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने साझा किए अपने अनुभव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स में सल्फास विषय पर चौथा एकीकृत विष विज्ञान सत्र (आईटीएस) आयोजित किया गया । यह त्रैमासिक निर्धारित प्रतिष्ठित ITS सत्रों में बहु-विषयक कार्यक्रम की नवीनतम पुनरावृत्ति है । अतिथि वक्ता, मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम के डॉ. विवेकांशु वर्मा, जो वर्षों से क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, टॉक्सिकोलॉजी पर कई पुस्तकों के लेखक हैं, उन्हें सल्फास पॉइज़निंग रोगियों के इलाज के अपने अनुभव को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था । मध्य प्रदेश और पंजाब राज्यों में कृषि कार्य में शामिल लोगों के बीच विषाक्तता के उच्च प्रसार के साथ सल्फास व्यावसायिक रूप से उपलब्ध कृंतक और कीटनाशक है ।

सल्फास पर परिचर्चा में शुक्रवार की शाम करीब 3 घंटे के तेज भरे सत्र में आयोजित विभिन्न प्रस्तुतियों के दौरान मेडिसिन, फार्माकोलॉजी, पैथोलॉजी और फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अफसर जहां, एसआर, एफएमटी ने सल्फास के आकस्मिक और जानबूझकर विषाक्तता के संदर्भ में बात की । डॉ. अमन गोयल, पीजी, फार्माकोलॉजी ने सल्फास के रासायनिक घटक एल्युमीनियम फॉस्फाइड की क्रियातंत्र, उपचार के नए तरीकों और दवाओं के बारे में बात की । डॉ. अनुषा मानसिंहका, पीजी, मेडिसिन, ने नैदानिक विशेषताओं, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन उपचार के बारे में बात की।

डॉ. विवेकांशु वर्मा, सलाहकार, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, मेदांता, गुरुग्राम ऑनलाइन शामिल हुए । उनकी प्रस्तुति में नैदानिक विशेषताएं, लक्षण, प्रबंधन और सल्फास विषाक्तता वाले रोगियों की देखभाल शामिल थी । डॉ. जयंती यादव, प्रो. एफएमटी ने सल्फास विषाक्तता में स्वत: प्रज्वलन का मामला प्रस्तुत किया, जो एक दुर्लभ घटना है । डॉ. ऋषभ चंदेला, पीजी, एफएमटी, ने मेडिको-लीगल मुद्दों और सल्फास के अंतर्ग्रहण के साथ ऑटोप्सी निष्कर्षों के रुझानों को समझाया, जैसा कि एफएमटी, एम्स भोपाल के विभाग के अनुभव में व्यावहारिक रूप से देखा गया है । डॉ. जय चौरसिया, सहायक प्रोफेसर, पैथोलॉजी ने एम्स भोपाल द्वारा टॉक्सिको-हिस्टोपैथोलॉजी की उप-विशेषज्ञता में की गई तेज प्रगति पर प्रकाश डालते हुए एल्युमीनियम और जिंक फास्फाइड के टॉक्सिको-हिस्टोपैथोलॉजी को रेखांकित किया ।

कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह, द्वारा इन सत्रों की प्रशंसा की गई । उन्होंने विष एवं उनके प्रबंधन और जागरूकता को आगे बढ़ाने में इस तरह के एकीकृत आयोजनों को प्रोत्साहित किया है । धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निरंजन साहू, सहायक प्रोफेसर, एफएमटी द्वारा दिया गया ।

चिकित्सा प्रबंधन के बुनियादी अनुसंधान से लेकर नैदानिक मामलों तक का अध्ययन, मानव हत्या से लेकर आकस्मिक मृत्यु तक, विषाक्तता की दुर्लभ अभिव्यक्तियाँ, मौतों के आत्मघाती रुझानों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं में अंतर्दृष्टि, विषाक्तता के प्रबंधन और निगरानी के लिए तकनीक और चिकित्सा-कानूनी महत्व के अन्य विषय प्रसारित किए गए ।

प्रख्यात वक्ताओं ने 150 से अधिक छात्रों, रेजिडेंट्स और फैकल्टी को प्रबुद्ध

सम्पादकीय

# नफरती बयान बनाम सुप्रीम कोर्ट

ऐसा लगता है मानो हम हर चीज के लिए सुप्रीम कोर्ट पर ही निर्भर होते जा रहे हैं। समाज की भूमिका जैसे नगण्य हो गई है। जैसे हमारे समाज ने बेशर्मी ओढ़ ली है, हम अपने ही सिद्धांतों-आदर्शों की ठठरी बांध कर उसे श्मशान की ओर ले जाएंगे। उनका अंतिम संस्कार करके ही रहेंगे।

बात कड़वी है। होना भी चाहिए। हाल ही में जिस तरह से हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ गाइडलाइन दीं हैं, जो इस कड़वे घूंट से भी अधिक कड़वी हैं। सही बात है। आखिर क्यों हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि सरकार को सीधे एफआईआर दर्ज करनी होगी? क्यों सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि नफरत फैलाने वाले भाषण को देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने वाला गंभीर अपराध है? क्या ये हमें समझ नहीं आ रहा? क्या धर्म और राजनीति के क्षेत्र में रमे हुए लोगों को अपनी मर्यादाएं लांघने की पूरी छूट मिलना चाहिए? क्या इन लोगों को सामाजिक, धार्मिक मर्यादाओं को तार-तार करने का अधिकार मिलना चाहिए?

अक्सर देखा गया है कि विभिन्न धर्मों और जातियों या समुदायों को निशाना बनाकर राजनीतिक नेता या धार्मिक नेता उस धर्म, जाति या समुदाय को आहत करने वाले बयान देने से नहीं चूकते। ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें नेताओं, धार्मिक लोगों ने एक - दूसरे के खिलाफ हेट स्पीच दी है। रामचरित मानस को लेकर पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के कुछ नेताओं ने कई तरह के सवाल उठाए थे। रामायण जैसे ग्रंथों की अनुचित व्याख्या निश्चित तौर पर लोगों को आहत तो करती ही है।

आखिर वोट की ख़ातिर आप पौराणिक ग्रंथों की अनुचित व्याख्या कैसे कर सकते हैं?

कुछ ही महीने पहले जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने सरकार के ‘ हर घर तिरंगा ’ अभियान का विरोध करते हुए कहा था कि तिरंगे का बहिष्कार करो, क्योंकि इस तिरंगे ने तुम्हें बर्बाद कर दिया है। अब हर हिंदू के घर पर भगवा ध्वज ही होना चाहिए। इसी तरह मौलाना असद मदनी हों या बाबा रामदेव, सबकी ज़ुबान फिसलती रही है। इस चलन को रोकना ही होगा। वैसे भी सुप्रीम कोर्ट कह चुका है- जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएँगे, उसी दिन इस तरह के नफ़रती भाषण बंद हो जाएँगे। कोर्ट ने पहले ही कहा है कि हर रोज़ टीवी पर, सार्वजनिक रूप से नफ़रत फैलाने वाले बयान दिए जा रहे हैं। क्या ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकते?

शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को निर्देश दिया कि वे स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि ऐसे भाषण देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करें, भले ही उनका धर्म कुछ भी हो। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि राज्य सरकारें नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट कर दिया कि कार्रवाई करने में किसी भी तरह की हिचकिचाहट को शीर्ष अदालत की अवमानना और उचित कार्रवाई के रूप में देखा जाएगा। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र से परे अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए ये बात कही। पीठ ने जोर देकर कहा मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत ने पिछले साल जनता की भलाई को ध्यान में रखते हुए अभद्र भाषा के खिलाफ स्वत- संज्ञान लेने का आदेश पारित किया था। सुनवाई के दौरान, पीठ ने यह स्पष्ट कर दिया कि दोनों जज अराजनीतिक हैं और उन्हें पार्टी ए या पार्टी बी, या पार्टी सी से कोई मतलब नहीं है। पीठ ने कहा कि हम केवल देश के संविधान और कानूनों को जानते हैं.. हम इसके बारे में बहुत स्पष्ट रहें.. हम जो भी आदेश पारित करते हैं, वह हमारे द्वारा ली गई शपथ के प्रति निष्ठा है।

पीठ ने चेतावनी दी कि मामले दर्ज करने में किसी भी तरह की देरी को अदालत की अवमानना माना जाएगा। महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में सभी राज्यों को शामिल होने दीजिए। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी तुरंत यह सुनिश्चित करेंगे कि जब कोई भाषण या कोई कार्रवाई होती है जो आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध को आकर्षित करती है, तो बिना किसी शिकायत के मामले दर्ज करने के लिए कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए शीर्ष न्यायालय का आभार।

परंतु फिर वही सवाल, क्या सर्वोच्च न्यायालय की इस भावना का आदर किया जाएगा? क्या पुलिस सीधे किसी के बयान पर एफआईआर दर्ज कर पाएगी? क्या सत्ता में बैठी पार्टियों के नेताओं के बयानों पर भी ऐसा हो पाएगा? क्योंकि जांच एजेंसियों का निशाना शायद केवल विपक्ष की ओर ही होता है। सत्ता और प्रशासन में बैठे शक्तिशाली लोग जब केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में नहीं आ पा रहे, तो एक थाने में बैठे पुलिस अधिकारी इन पर मामला दर्ज कर पाएंगे? नहीं, तो इस अवमानना को कौन फिर से सर्वोच्च अदालत तक ले जाएगा? सवाल बहुत हैं, लेकिन कम से कम सुप्रीम कोर्ट ने हमारे समाज, राजनीतिक दलों और धर्माचार्यों को आइना दिखाया है, बशर्ते वे देखने का साहस कर पाएं।

## जानकी नवमी: 29 अप्रैल

# सीता जी का प्राकट्यस्थल:जीर्णोद्धार का बाट जोहता पुनौराधाम



बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहींद्य सृष्टि का यथार्थ यही हैद्य संपूर्ण विश्व में सभी लोग भगवान् को याद करते हैं तो एक स्वर से सीता-राम ही कहते हैं। अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो चुका हैद्य विश्व के लिए यह सुखद सुचना है। विश्वभर में सीताराम के अनुयायी यही चाहते थे कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेद्य इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अनवरत वर्षों संघर्ष किया और अंत में न्यायालय से भव्य मंदिर बनाने की स्वीकृति मिली। यह तो बात हुई भगवान् श्री राम कीद्य अब ध्यान देने की आवश्यकता है मां सीता का प्राकट्यस्थल जो बिहार के सीतामढ़ी से 3-4 किलोमीटर दूर पुनौराधाम कहलाता है। मां सीता सिसक-सिसक कर रो रही है। न वहां मस्जिद है, न चर्च है और न कोई जमीनी विवाद हैद्य प्राकट्यस्थल का कुण्ड भी मौजूद है और छोटा सा मंदिर भी बना हुआ हैद्य लेकिन मां सीता के प्राकट्यस्थल का जो भव्य स्वरुप होना चाहिए उसकी ओर बिहार संस्कृति मंत्रालय और न केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय का विशेष ध्यान जा रहा है। पूरे भारत में सबकी जुवां पर एक ही बात है-जब अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बन रहा है, पुनौराधाम में मां जानकी के प्राकट्यस्थल का जीर्णोद्धार क्यों नहीं हो रहा है। अब समय आ गया है जब पुनौराधाम भारत के पांचवें धाम के रूप में स्थापित किया जाए।

पहले तो लोगों को पता ही नहीं था कि पुनौराधाम है कहां। लेकिन जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने शास्त्रों के आधार पर यह सिद्ध कर दिया कि पुनौराधाम ही मां सीता का प्राकट्यस्थल है। संसद से लेकर सड़क तक यह बात धीरे-धीरे स्थापित हो गई कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्यस्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी दस वर्षों से जानकी नवमी पर पुनौराधाम में अनवरत, नि:शुल्क कथा कर यह संदेश दे रहे हैं कि मिथिलावासियों और भारतवासियों मां जानकी प्राकट्यस्थल के जीर्णोद्धार और उसकी भव्यता में सभी लोग सहयोग करें।

**सुरवन्दिता मिथिला की पावन भूमि**

कैलाश से कन्याकुमारी और कामख्या से कच्छ तक सम्पूर्ण भारत भूमि तीर्थ स्थानों से भरे हैं, लेकिन मिथिला की भूमि का सदैव से विशेष महत्व रहा हैद्य मिथिला की भूमि को सुरवंदिता कहा गया है, क्योकि देवता भी यहां निवास करने के लिए सर्वदा आतुर रहते हैं। पुराणों के अनुसार सनातन के कई पवित्र स्थान मिथिलापुरी में ही स्थित हैं। मां सीता जी के प्राकट्यस्थल होने के कारण पुण्यारण्य(पुनौराधाम) की पवित्र भूमि परमदर्शनीय और पुण्यदायक है।



**तीर्थों में पुण्यारण्य ( पुनौराधाम ) की श्रेष्ठता**

धर्मशास्त्रों में तीर्थ के तीन रूपों का वर्णन है-नित्य तीर्थ, भगवदीय तीर्थ और सत तीर्थद्य इसमें पुण्यारण्य( पुनौराधाम) को सनातन से तीनों रूप प्राप्त है। भगवती माता सीता जी इसी भूमि से अवतरित हुई थीं, जिस कारण यह भगवदीय तीर्थ है। पुण्डरीक ऋषि का पावन आश्रम होने से यह सत तीर्थ है। अयोध्या, मथुरा आदि की तरह लीला भूमि होने से पुनौराधाम को नित्य तीर्थ होने का सौभाग्य प्राप्त है।

**विशेष फलदायक यज्ञस्थली पुण्योर्वरा ( पुनौराधाम )**



वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की सारी मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमश: श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है।

**हलेष्ठी यज्ञ**

शात्रों में वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गया। अनावृष्टि से मिथिलावासियों में त्राहि-त्राहि मच गईद्य लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगे। सब जीव-जंतु व्याकुल हो उठेद्य उस समय मिथिला महाराजा निमि के वंशज राजा जनक राज कर रहे थे। यज्ञ से वर्षा होती है और वर्षा के प्रभाव से अन्न उत्त्पन्न होता है। इससे प्रभावित होकर राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श कियाद्य सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिएद्य इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया।

**‘पुण्यारण्य( पुनौराधाम )’ ही मां जानकी प्राकट्यस्थल**

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था , उसके पारत: पंचकोशी चार विशाल द्वार थेद्य वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमश: दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ(शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ।

**सीता और सीतामढ़ी**

पद्मपुराण में कहा गया है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम सीता होना अपेक्षित है, क्योकि सीत(फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता(सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा से बचाने के लिए मड़ई (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

**जयातीर्थ पुनौराधाम**

पुण्डरीक आश्रम में उत्पन्न होने से बालिका मां सीता की अधिकारी पुंडरीक ऋषि हुएद्य एक बार सूर्य ग्रहण के समय यह भूमि राजा जनक ने पुण्डरीक ऋषि को दक्षिणा में दे दिए थे। प्रत्युत तपस्वी पुण्डरीकने बालिका मां सीता को महाराजा जनक को अर्पित कर दियाद्य ऋषि द्वारा प्रदत्त बालिका मां सीता को अड़क में धारण कर जया मानकर जानकी नाम से विभूषित कियाद्य इसका वर्णन पद्मपुराण के स्वर्गखंड में मिलता है। जया से जानकी सिद्ध होता है। शास्त्रवत जिसमें मातृत्व और पितृत्व गुण वर्तमान हो, लेकिन किसी माता-पिता के द्वारा उस संतान का जन्म नहीं हुआ हो, बल्कि स्वयं धरती से उत्पन्न हुई हो, ऐसी संतान को जया के नाम से अभिहित करते हैंद्य इस प्रकार जिस पावन पुनौराधाम की पावन भूमि से भगवती स्वयं जानकी के रूप में प्रकट हुईं उसे जयातीर्थ कहा गया।

**‘पुण्डरीक क्षेत्र’ की महत्ता**

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी जी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है, सनातन में अविस्मरणीय-अमिट ह।

**पुनौराधाम एवं मां जानकी कुण्ड की महिमा**

पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता हैद्य मां जानकी कुण्ड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। मां जानकी जन्म कुण्ड को पुण्यनिधि कहा गया हैद्य शास्त्रों-पुराणों में वर्णन है कि यहां तीर्थाटन करने से सभी पापों, संकटों से मुक्ति पाकर श्रद्धालु पुण्यलोक की प्राप्ति कर सकते हैं।

मां सीता जी के प्राकट्यस्थल पुनौराधाम का धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकास वैसा नहीं हुआ जैसा श्री राम जी की जन्मस्थली अयोध्या का हुआ है। हम किसी सरकार पर अनदेखी या उपेक्षा का आरोप नहीं लगाते लेकिन इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि पुनौराधाम को धार्मिक पर्यटनस्थल बनाने की दृष्टि से जिस तेजी से काम होना चाहिए था वह अभी भी नहीं हो रहा है। पहले लोगों के मन में यह था कि मां जानकी का प्राकट्यस्थल जनकपुर है जबकि जनकपुर मां सीता का ननिहाल और विवाहस्थल है। जनकपुर में श्री रामजी ने शिव जी का धनुष तोड़ा थाद्य लेकिन धीरे-धीरे ‘मां जानकी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम ही है’ की पुष्टि शास्त्रों के साथ-साथ अनेक ऐतिहासिक प्रमाणों से भी स्वत: सिद्ध हो गई। आज इस बात की महती आवश्यकता है कि राज्य और केंद्र सरकार दोनों मां सीता प्राकट्यस्थल को गोद ले और उसे अयोध्या की तरह भव्यता प्रदान करने की दिशा में कारगर कदम उठाये।

**-प्रभात झा**
**पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**

# पॉवर सेंटर जैसा बजता है सरकारी बंगलों का डंका

**सरयूसुत मिश्रा**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रिनोवेशन पर ?45 करोड़ रुपए खर्च होने के सार्वजनिक होने के बाद बवाल मच गया है. जो अरविंद केजरीवाल कभी शपथ लेकर यह दावा कर रहे थे कि वह जन-धन का उपयोग निजी हित के लिए नहीं करेंगे उनके निवास के लिए सरकारी बंगले पर जिस ढंग से पैसे लुटाए गए हैं उससे राजनीति में कथनी और करनी की असलियत सामने आ गई है।

डेमोक्रेसी में पॉवर सेंटर सरकारी बंगले वह स्थान होते हैं जहां न्याय और अन्याय के इतिहास रचे जाते हैं. जहां जनहित के नाम पर स्वहित का सृजन किया जाता है. सरकारी बंगले सियासत के लिए खुलेआम उपयोग और दुरुपयोग किए जाते हैं. दिल्ली के मुख्यमंत्री को अपने सरकारी निवास के रिनोवेशन पर खर्च की गई इस भारी रकम का जवाब देना पड़ेगा. उन्होंने अभी तक जो राजनीतिक परसेप्शन बनाया था उसमें सादगी उनकी बड़ी ताकत के रूप में जनता को प्रभावित कर रही थी. सरकारी बंगले पर जन धन की बर्बादी के यह नजारे तो उनकी सादगी को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं।

वैसे तो रिनोवेशन के नाम पर हर साल सभी राज्यों में पैसा खर्च किया जाता है. रिनोवेशन पर खर्च राशि को लेकर राजनीतिक विवाद भी अक्सर होते रहते हैं. मध्यप्रदेश में लगभग विधानसभा के हर सत्र में कैबिनेट के सदस्यों के सरकारी बंगलों पर रिनोवेशन पर किए गए खर्च से जुड़े सवाल आते हैं. पूछे गए सवालों का सरकार उत्तर देती है और फिर मीडिया में उस पर खबरें बनती हैं और राजनीतिक बयानबाजी की औपचारिकता पूरी की जाती है।

सरकारी बंगलों के रिनोवेशन पर सीमित और संतुलित व्यव ही स्वीकार्य होना चाहिए. सरकारों के पास उपलब्ध रिनोवेशन बजट का अधिकांश हिस्सा पॉवर सेंटर बने सरकारी बंगलों पर ही खर्च होता है. सरकारी आवास सामान्यत: सरकारी अधिकारी कर्मचारी और सरकारी पदों पर काम रखने वाले राजनीतिक लोगों के लिए बनाए गए थे. विधायकों और सांसदों के लिए अलग से विधायक और सांसद विश्रामगृह बनाए गए हैं।



सरकारी बंगलों की सियासत का लंबा सिलसिला है. आज तो ऐसी स्थिति दिखाई पड़ती है कि सरकारी लोगों से ज्यादा गैर सरकारी लोग सरकारी आवासों की सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं. कोई सामान्य सरकारी कर्मचारी-अधिकारी, सरकारी मकानों का रिनोवेशन कराने का तो सोच भी नहीं सकता. प्रक्रिया इतनी जटिल है कि रिनोवेशन कराना संभव नहीं हो पाता. रिनोवेशन का सारा बजट पॉवर सेंटर बने बंगलों पर ही उपयोग होना सामान्य बात है।

किसी भी राज्य में अगर रिनोवेशन पर खर्च राशि का विवरण निकाला जाएगा तो यही पता चलेगा कि अधिकांश राशि पॉवर सेंटर वाले बंगलो पर ही खर्च होती है. सरकारी बंगलों में रिनोवेशन का कार्य सत्ता में ताकत का पैमाना बन गया है. उन्ही बंगलो का रिनोवेशन होता हुआ दिखाई पड़ेगा जिनकी सत्ता में चलती है, चाहे वह राजनेता हों या ब्यूरोक्रेट हों।

सियासत में सरकारी बंगलो पर काबिज़ होना बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जाता है. हर राजनेता इस प्रयास में रहता है कि उसे सबसे महत्वपूर्ण बंगला आवंटित हो जाए. मध्यप्रदेश के नजरिए से देखा जाए तो पूर्व मुख्यमंत्रियों को न्यायालय के आदेश पर सरकारी बंगले रिक्त करने पड़े थे लेकिन बाद में फिर सरकारी बंगले आवंटित हो गए. ऐसे कई नेता देखे जा सकते हैं जो दिल्ली और भोपाल दोनों जगह पर सरकारी बंगलों में काबिज हैं।

ऐसे भी उदाहरण हैं जहां नेता दो बंगलों पर काबिज है. सांसदों को दिल्ली में आवास आवंटित होता है. भोपाल में कई सांसदों को सरकारी बंगले आवंटित हैं. सरकारी बंगले ताकत और प्रतिष्ठा के रूप में देने-लेने की प्रवृत्ति राजनीति में हावी हो गई है। कमलनाथ की सरकार के समय ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ विवाद की शुरुआत के रूप में एक सरकारी बंगले को भी जोड़ा गया था. उस समय सिंधिया एक बंगला आवंटित कराना चाहते थे लेकिन वह बंगला बीजेपी सरकार के पूर्व मंत्री के पास था और वह बंगलाआवंटित नहीं हो सका. बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया को भोपाल में बंगला आवंटित किया गया. पद से हटने के बाद भी बंगले कब्जे में रखने की राजनीति सतत चलती रहती है।

सरकारी बंगले जनसेवा के केंद्र बनने चाहिए लेकिन वहां ना जनता की पहुंच होती है और ना सेवा का कोई मेवा दिखाई पड़ता है. सरकारी बंगलों की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण अभी देश ने देखा है. संसद की सदस्यता गंवाने के बाद राहुल गांधी को अपना सरकारी बंगला छोड़ना पड़ा है. सरकारी बंगला छोड़ने को भी राजनीतिक नजरिए से न केवल देखा गया बल्कि उसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की गई।

सरकारी साधन सुविधाओं का उपयोग निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्य संचालन के लिए जरूरी हो सकता है लेकिन भारत जैसे गरीब देश में सरकारी संसाधनों का तर्कसंगत उपयोग ही मान्य किया जा सकता है. रिनोवेशन के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर शहंशाही के साथ जीवन यापन की बढ़ती प्रवृत्ति लोकतांत्रिक दृष्टि से सही नहीं कही जा सकती. जीवन में दृष्टि ही सृष्टि है. जनहितेषी दृष्टि कभी भी जनधन के दुरुपयोग की दृष्टि नहीं हो सकती है।

# लोकतंत्र की जान ले रहा अवचेतन मन का दमित जहर

**सरयूसुत मिश्रा**

नागनाथ और सांपनाथ चुनावी मैदान में हैं. जनता जो चाहे चुने अंतत: उसे कल्याणकारी शासन नहीं बल्कि विषकन्या और जहरीले सांप का साम्राज्य मिलेगा. चुनावी अभियान के अंतिम चरण में आते आते जनता के मुद्दे गायब हो जाते हैं. महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था जैसे जनहित से जुड़े मुद्दे चर्चा से बिल्कुल नदारद दिखाई पड़ते हैं. चर्चा में केवल मौत के सौदागर, कब्र खुदेगी, नीच व्यक्ति और ऐसे ही न जाने ऊल जलूल वक्तव्य जनादेश के निर्णायक आधार बन जाते हैं.

लोकतंत्र का महोत्सव विष उत्सव के रूप में परिवर्तित हो जाता है. सत्ता के स्वार्थ का दमित जहर अवचेतन मन में इतना हावी रहता है कि चाहे-अनचाहे विष और विषकन्या का विचार निकल ही आता है. साम्राज्य, शासक और शासन व्यवस्था में जहर और विषकन्या का टूलकिट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

वैदिक साहित्य, लोक कथाओं और इतिहास में राजनीतिक शत्रुओं को परास्त करने के लिए इस तरह के हथियार उपयोग में आते रहे हैं. भले ही आज चाणक्य नहीं हो, मौर्य साम्राज्य के शासक चंद्रगुप्त मौर्य नहीं हो लेकिन शासन व्यवस्था और उसे हासिल करने के साथ ही संचालन में उपयोग आने वाली शैलियाँ आज भी कमोबेश वैसी ही उपयोग में आ रही हैं. जहरीले सांप और विषकन्या की बातें आधुनिक तरीके से एक दूसरे को मात देकर साम्राज्य हासिल करने का ही प्रयास है.

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेता और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप कहकर इस विवाद की शुरुआत की है. जब विवाद बढ़ा तो उन्होंने यह कहकर बचने की कोशिश की कि जहरीला सांप मोदी को नहीं बल्कि बीजेपी की विचारधारा को कहा है. सियासत में मुंह से निकली बात फिर बदली नहीं जा सकती.

बीजेपी के एक विधायक बासन गौड़ा ने इस बयान की प्रतिक्रिया में सोनिया गांधी को विषकन्या कह दिया. इन दोनों शाब्दिक बातों का व्यक्तिगत रूप से कोई मतलब नहीं है लेकिन अगर इनके भावात्मक अर्थों को लोकतंत्र के नजरिए से देखा जाए तो जरूर ऐसा कहा जा सकता है कि दशकों से राजनेताओं में सत्ता के स्वार्थ का दमित जहर अब लोकतंत्र की जान लेने तक पहुंच गया है.

इतिहास के अनुसार विषकन्या उस स्त्री को कहा जाता है जिसे बचपन से ही थोड़ा-थोड़ा विष देकर जहरीला बनाया जाता है. इन्हें विषैले वृक्ष और जीव-जंतुओं के बीच रहने का अभ्यस्त बनाया जाता है. इन्हें सभी प्रकार की छल विद्या में माहिर बनाया जाता है. राजाओं द्वारा इनका इस्तेमाल करके शत्रु राजा को छलपूर्वक मृत्यु के घाट उतारने में उपयोग किया जाता है. जहरीला सांप तो प्राकृतिक जीव है लेकिन विषकन्या को इसके लिए तैयार किया जाता है. जहरीला सांप दिखाई पड़ता है लेकिन विषकन्या स्त्री के रूप में विष का उपयोग करती है.




आचार्य कौटिल्य चाणक्य द्वारा रचित शास्त्र में ऐसी अनेक ऐतिहासिक संदर्भ दिए गए हैं जहां साम्राज्य के लिए राजा को मारने के लिए ऐसे विष और विषकन्या के षड्यंत्र बताए गए हैं. लोकतंत्र की आज की राजनीति में भी इस तरह के षड्यंत्र निश्चित रूप से होते रहते हैं, जो समय-समय पर सामने भी आते हैं. कांग्रेस के लिए जहरीला सांप खतरनाक है तो बीजेपी के लिए विषकन्या जानलेवा लगती है.

कोई भी शासन व्यवस्था जनकल्याण के लिए निर्मित होती है. साम्राज्य लोकतंत्र के आधार पर शासन प्रणाली पर चलता है तो चुनाव के जरिए इसका निर्धारण होता है. चुनाव के समय सभी स्टेकहोल्डर अपने वायदे अपनी नीतियों और अपनी विचारधारा को जनता के सामने रखते हैं. जनादेश जिसके पक्ष में जाता है उसे शासन का साम्राज्य मिलता है. शासन में पॉवर और करप्शन का कॉकटेल इतना लाभकारी दिखने लगा है कि अब पॉवर पाने के लिए राजनीतिक सभ्यता की सीमाएं टूटने लगी हैं. एक दूसरे राजनेताओं को गाली गलौज की सीमा तक जाकर अपशब्द और अनावश्यक बातें कहने की प्रवृत्ति हर चुनाव में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है.

कई बार तो ऐसा लगने लगता है यह सारी स्क्रिप्ट दलीय अवधारणा से ऊपर राजनेताओं द्वारा ही लिखी जाती हैं क्योंकि चुनाव के समय जनता विद्रोही मानसिकता में नेताओं के साथ दुर्व्यवहार न करने लगे इसलिए चर्चा में ऐसे मुद्दे उठा दिए जाते हैं जिन पर जनता भ्रमित हो जरुरी मुद्दों से किनारा कर जाए.

हर बार कांग्रेस की ओर से ऐसे अवसर बीजेपी को दिए जाते हैं. जिसको जन-मन में मुद्दा बनाया जा सके. नरेंद्र मोदी कांग्रेस के अवचेतन मन में क्या इतना घाव कर गए हैं कि अनचाहे में भी उनको लेकर कोई न कोई ऐसी बात निकल जाती है जिससे कई बार तो पास आती सत्ता भी हाथ से फिसल जाती है.बीजेपी हमेशा यह चाहती है कि चुनाव में मुख्य मुद्दा मोदी वर्सेस अन्य हो. जब भी ऐसा होता है तब बीजेपी को इससे लाभ होता है. मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान के बाद कर्नाटक में मोदी वर्सेस कांग्रेस चुनाव केंद्रित हो गया है.

सियासत में आ रही गिरावट भयावह भविष्य का संकेत कर रही है. राजनीति का संत्रास भोगते-भोगते जनता अब उबने सी लगी है. राजनीति का पतन समाज को भी प्रभावित कर रहा है. चुनाव के समय राजनीति द्वारा जब ऐसे लोक का दर्शन कराया जाएगा जहां कुत्ते, बिल्ली जहरीले सांप, विषकन्या, राजनीतिक हथियार के रूप में उपयोग होंगे तब इससे जो साम्राज्य निर्मित होगा उसमें सांप-सपेरे, सपोले और उनके द्वारा छोड़ी गई केंचुली ही दिखाई पड़ेगी.

राजनीति आम लोगों के लिए सर्पदंश से कम कष्टकारी नहीं साबित हो रही है. आज पूरी राजनीति विषकन्या बनती जा रही है. राजनीति की चालबाजियां भले ही पसंद नहीं हो लेकिन पब्लिक की पसंदगी का सवाल ही कहां है? राजनेताओं को संभलने का वक्त है. यह सोचने की जरूरत है कि आज राजनीति के नाम पर कड़वाहट क्यों मुंह में घुल जाती है? अंधे और लंगड़े भविष्य को देखकर राजनीति से डर लगने लगा है. राजनीति की केंचुली भी असली नहीं दिखाई पड़ती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# भोजपुर विधानसभा के आदर्श गोंड समाज के सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन में पहुंचे विधायक सुरेंद्र पटवा




औबेदुल्लागंज। भोजपुर विधानसभा के तारानगर गौहरगंज में आदर्श गोंड समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होकर विधायक सुरेंद्र पटवा ने दाम्पत्य जीवन में बंधने वाले सभी 31 जोड़ों को विवाह की शुभकामनाएँ दी एवं ईश्वर से उनके सुखमय जीवन की कामना की। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में सभी जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बेटियों के खाते में 49 हजार रुपये का चेक भी आज हमने हमारी लाड़ली बेटियों को वितरित किया एवं परिवारजनों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक पटवा ने तारानगर में आगामी समय में 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन बनाकर देने की घोषणा की। जिससे आने वाले समय में पूरे जिले के आदिवासी भाई यहाँ आकर बढ़े से बढ़ा कार्यक्रम कर सकें। आदिवासी भाईयों के लिए हमारी सरकार संकल्पित हैं, हमारा हमेशा से ये प्रयास रहा है कि अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति को किस प्रकार से सरकार की योजनाओं का लाभान्वित मिल सकें इस ओर हम कार्य कर रहें है एवं सफल भी हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता रविंद्र विजयवर्गीय, लक्ष्मी सोनू चौकसे, पंकज कोठारी, लोकेश परमार, विक्रम यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग लगातार कर रहा अवैध शराब विक्रय पर कार्यवाही



दमोह जिला कलेक्टर मयंक अग्रवाल के आदेश के परिपालन में आबकारी अपराधो पर प्रतिबंद्धतात्मक कार्यवाही हेतू जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे के निर्देशन में दिनांक 28 अप्रैल 2024 को आबकारी विभाग वृत (ब) दमोह द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में सघन तलाशी अभियान के तहत बांदकपुर क्षेत्र मे कार्यवाही कर 02 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर 70 पाव देशी मदीरा के जप्त कर कार्यवाही की। इस कार्यवाही मे आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडेय, हरि सिंह व निरपत नगर सैनिक सहित आबकारी अमला मौजूद रहा।

# लाडली बहना योजना के फार्म भरना अंतिम चरण में



दमोह पथरिया मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के रजिस्ट्रेशन करने की 30 अप्रैल अंतिम तारीख है। जिससे लेकर नगर परिषद पथरिया में सीएमओ ज्योति सुनेरे व न.प. कर्मचारियों द्वारा घर घर का जाकर लाडली बहना योजना के फार्म भरवाए जा रहे है। पथरिया नगर परिषद इस योजना में जिले के निकाय में सबसे आगे हैं जिससे मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के फॉर्म भरने की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है। पथरिया नगर परिषद द्वारा लाडली बहना का आंकड़ा पार कर चुकी है। सीएमओ ज्योति सुनेरे ने बताया कि लाड़ली बहना योजना में शामिल होने से कोई भी पात्र बहन छूट न जाए, इसके लिए नगर में शिविरों का आयोजन किया गया था। योजना के आखरी चरण में घर-घर जाकर फार्म भरवाने का काम लगातार किया जा रहा हैं। ताकि योजना का लाभ सभी बहनों को मिल सके।

**हमारे हांथों में हमारी स्वच्छता**

# कलेक्टर ने छतरपुर शहर के वार्डों का निरीक्षण कर स्वच्छता अभियान में तेजी लाने के दिये निर्देश

## कचरा वाहनों का रूट चार्ट बनाने एवं शहरवासियों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने के निर्देश

छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने शुक्रवार की सुबह स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत बेहतर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका छतरपुर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता टीम द्वारा किये जा रहे सफाई कार्य का अधिकारियों के साथ पैदल निरीक्षण किया। साथ ही सभी से अपील की स्वच्छ रहने से बीमारियों का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग संकल्प लें की कचरा बाहर न फेकें और घरों में डस्टबिन रखें और गीले कचरे को घरों में ही कम्पोस्टिंग करने पर कार्य करें।

कलेक्टर ने स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया कि कचरा वाहनों का वार्डवार एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए जिसमें वाहन चालकों द्वारा गाड़ी के आने की जानकारी डाली जाएगी और सभी लोगों को उसमे जोड़ा जाएगा। उन्होंने नगरपालिका को स्वच्छता अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि सभी गाड़ियों का रूट चार्ट समयानुसार वार्डों में जाने का तय हो तथा शहरवासियों को जागरूक किया जाए। उन्होंने




सभी स्वच्छता वाहन चालकों के साथ मीटिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा शहरवासियों से भी बाहर खुले में कचरा नही डालने की अपील की गई। कलेक्टर ने पन्ना नाका पर बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को तत्काल खुलवाकर उसको संचालित करने के नगरपालिका को निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा सभी 40 वार्डों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के बेहतर क्रियान्वयन और स्वच्छता मापदंडों के अनुरूप स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने नियुक्त किये गए अधिकारियों को प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण कर बेहतर स्वच्छता कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही चौबे कॉलोनी में पार्कों का भी निरीक्षण किया और जगह जगह बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने नपा छतरपुर की स्वच्छता के लिये वार्डवार प्रभारी नियुक्त किए

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु छतरपुर जिले की नगर पालिका छतरपुर में स्वच्छता मापदण्डों के अनुरूप साफ-सफाई संबंधी अधिकारियों की ड्यूटी वार्डवार लगाई है। जिसमें वार्ड न. 1 में अनुविभागीय राजस्व छतरपुर, वार्ड न. 2 व 3 में डिप्टी कलेक्टर, वार्ड न. 4, 5 व 6 में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर, वार्ड न. 7 मे डीडीए, वार्ड न. 8 में आरटीओ, वार्ड न. 9 में कोषालय अधिकारी, वार्ड न. 10 जिला आबकारी, वार्ड न. 11 ईई पीडब्ल्यूडी, वार्ड न. 12 महिला बाल विकास अधिकारी, वार्ड न. 13 जिला संयोजक अजाक, वार्ड न. 14 एजीएम एमपीआरडीसी, वार्ड न. 15 म.प्र. जन अभियान परिषद, वार्ड न. 16 सहा. संचालक उद्यानिकी, वार्ड न. 17 विपणन अधिकारी, वार्ड न. 18 प्रबंधक वेयर हाउस, वार्ड न. 19 जिला अभियंता दूरभाष, वार्ड न. 20 डीईओ, वार्ड न. 21 डीपीसी, वार्ड न. 22 अधीक्षक आईटीआई, वार्ड न. 23 सहा. संचालक मत्स्य, वार्ड न. 24 खनिज अधिकारी, वार्ड न. 25 ईई पीएचई, वार्ड न. 26 ईईपीआईयू, वार्ड न. 27 लीड बैंक अधिकारी, वार्ड न. 28 महाप्रबंधक उद्योग, वार्ड न. 29 एसएलआर, वार्ड न. 30 निरीक्षक पिछड़ा वर्ग, वार्ड न. 31 नापतौल निरीक्षक, वार्ड न. 32 उप संचालक पशु निरीक्षक, वार्ड न. 33 क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, वार्ड न. 34 जिला रोजगार अधिकारी, वार्ड न. 35 एसडीओ हाउसिंग बोर्ड, वार्ड न. 36 ऊर्जा विकास निगम, वार्ड न. 37 नेहरू युवा केन्द्र, वार्ड न. 38 खेल एवं युवा कल्याण और वार्ड न. 39 व 40 खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सौंपे गये। वार्डों में स्वच्छतानुरूप होने वाली विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे सुनिश्चित।

# मेडीकल कॉलेज घोटाले की जांच करने पहुंची ईओडब्ल्यू टीम



शिवपुरी- शुक्रवार को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ग्वालियर की टीम एकाएक शिवपुरी मेडिकल कॉलेज जा पहुंची। टीम को देखकर मेडीकल कॉलेज स्टाफ में अफ़रातफ़री का माहौल देखा गया। जानकारी के अनुसार यह टीम कोविड काल में शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में हुई कर्मचारियों की भर्ती और खरीदी में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने ग्वालियर से आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुशल कर्मी के रूप में भर्ती कर्मचारियों से अकुशल कर्मचारियों का काम कराया जा रहा है और उन्हें वेतन भी उनकी योग्यता अनुसार नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कोविडकाल में जो सामान की खरीदी की गई थी उसमें भी अनियमितता सामने आई है। मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा की जिम्मेदारी का ठेका जिस हाइट्स कंपनी को मिला है उसकी जगह यू डी एस कंपनी के कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन्ही शिकायतों के चलते ईओडब्ल्यू ग्वालियर की टीम द्वारा शिवपुरी के मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है साथ ही सात दिवस के भीतर मांगे गए दस्तावेजों को सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर केवी वर्मा का कहना है कि ईओडब्ल्यू की टीम के द्वारा जो दस्तावेज मांगे गए थे,उन्हें सुपुर्द कर दिए गए हैं। टीम में एसआई योगेंद्र दुबे, एसआई भीष्म तिवारी, लीगल एडवाइजर अनिल लोधी शामिल हैं।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी स्कूलों के बच्चों को भी लगाए जा रहे जापानी एन्सीफिलाईटस बैक्सीन

## 48 टीमें कर रही लगातार काम

ओबेदुल्लागंज। स्वास्थ विभाग द्वारा इन दिनों नगर के तमाम निजी विद्यालयों में जापानी बुखार से बचाव हेतु बैक्सीन लगाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है इसी कड़ी में आज नगर के न्यू नर्वदा बैदिक हाईस्कूल में उक्त बैक्सीन लगाई गई। खण्डचिकित्सा अधिकारी औबेदुल्लागंज डॉ अमृता जीवने द्वारा बताया गया कि जापानी बुखार विगत कई वर्षो से कई देशो में पाया गया जिसमें एक से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में इस बिमारी के कारण 18 प्रतिशत मृत्यु पाई गई इस आयु वर्ग के बच्चों को जापानी बुखार से बचाने हेतू विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशन में भारत सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा फिलहाल प्रदेश के दो जिले रायसेन एवं विदिशा में व्यापक स्तर पर प्रथम चरण में आँगनवाड़ी केन्द्रो में अनुमानित 25 हजार बच्चो को वैक्सीन लगाया जाने का लक्ष्य है एवं द्वितीय चरण में कक्षा एक से 8 तक के सभी बच्चो को जेईई बैक्सीन के टीके लगाकर बिमारी से सुरक्षा प्रदान की जावेगी इस कार्य हेतू



ब्लॉक ओबेदुल्लागंज में 48 टीम बनाई गई है जिनमें सीएचओ. एएनएम, ऑगनवाडी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता शामिल रहेगी

डॉ जीवने मेडम द्वारा बताया गया कि इस अभियान को सफल बनाने हेतू अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )के निर्देशन में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर तथा पत्रकार बन्धुओ एवं जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेकर बच्चो की इस बिमारी से रक्षा हेतू व्यापक प्रचार प्रसार कर टीका लगवाने में सहयोग कि अपील की गई है।

# घूसखोर पटवारी का वीडियो वायरल, निलंबित

शिवपुरी -जिले के कोलारस अनुविभाग में एक पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अनुविभागीय आधिकारी मोतीलाल अहिरवार ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्यवाही करते हुए वीडियो में घूस लेते हुए दिखने वाले पटवारी लालाराम आदिवासी ग्राम इचौनिया हल्का क्रमांक 111 तहसील रन्नौद को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में एसडीएम ने लिखा है कि हल्का पटवारी का यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के विपरीत है तथा अशोभनीय है जिससे विभाग की छवि धूमिल होती है। वीडियो में रन्नौद तहसील का पटवारी लालाराम पैसे लेते दिखाई दिया। लालाराम पर आरोप है कि उसने वन विभाग की जमीन को राजस्व की बताकर मोगिया समाज के लोगों से 1 लाख 65 हजार रूपए वसूले थे,जिसकी शिकायत मोगिया समाज के लोगों ने की थी। एसडीएम ने पटवारी को निलंबित कर दिया। निलंबन आदेश में पटवारी लालाराम आदिवासी को तहसील कार्यालय बदरवास में अटैच किया गया है।

## मेडिकल कालेज के लिए उमड़ने लगे जिलेभर के लोग

# 14 वें दिन कुशवाहा समाज, कल्चुरी समाज, ग्रामीण बैंक पेंशनर्स और हम फाउंडेशन के सदस्यों ने दिया धरना

छतरपुर। मेडिकल कालेज निर्माण को लेकर तीन सूत्रीय मांगों को पूरा कराने छत्रसाल चौक पर चल रहा क्रमिक अनशन शुक्रवार को 14 वें दिन भी जारी रहा। आन्दोलन को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। शहर और जिले का हर वर्ग मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग के पक्ष में आ गया है। आज मध्यांचल ग्रामीण बैंक पेंशनर्स सेवा समिति, हम फाउन्डेशन, कुशवाहा समाज तथा कल्चुरी समाज के सदस्यों ने धरना देकर मेडिकल कालेज निर्माण की मांग का समर्थन किया। इसके साथ ही शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी धरना दिया।



इनमें मध्यांचल ग्रामीण बैंक पेंशनर्स सेवा समिति से प्रह्लाद नारायण सेठ, पुरषोतम शुक्ला, आलोक गोस्वामी, योगेन्द्र सिंह चौहान, संतोष कुमार चौरसिया, संतोष कुमार द्विवेदी, गिरीश कुमार अग्रवाल, जगपाल सिंह गौर, आरके त्रिपाठी, बाबूलाल बबेले, वीडी नायक, एनके अग्रवाल, राबेन्द्र सिंह चौहान, रामसहाय राय, एचपी वर्मा, काशी प्रसाद अहिरवार ओपी पांडेय, एनएस राजपूत, कुशवाहा समाज से अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, पूरन कुशवाहा, किशोरी लाल कुशवाहा, आशीष पटेल, नाथूराम कुशवाहा बाहरपुरा, मुरली कुशवाहा, कल्चुरी समाज से जिला महासचिव श्रीमती कमलेश राय, अभिषेक राय पूर्व अध्यक्ष नप हरपालपुर, पुरुषोत्तम शिवहरे लाले, सुशील शिवहरे प्रदेश युवा अध्यक्ष राष्टीय कल्चुरी एकता महासंघ, गोविन्द शिवहरे, लकी शिवहरे, अर्जुन प्रसाद शिवहरे, हम फाउंडेशन से जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्त, अवनींद खरे, आनंद अग्रवाल, डा जगन्नाथ मिश्रा, हरिओम खरे, सन्तोष खरे के साथ ही हरि प्रकाश अग्रवाल, अंशुल गुप्ता, डॉ स्वतंत्र शर्मा, आरकेएस परिहार, काशी राम सोनी, मुकेश कुमार शुक्ला, बाबूलाल अहिरवार ग्राम पाटन, रामस्वरूप रैकवार पाटन, राजेन्द्र सिंह उपसरपंच बरबसपुर, धर्मेंद्र विश्वकर्मा चन्द्रनगर, दिनेश वैद्य प्रबंधक दर्शना वृद्धसेवा आश्रम, प्रजेश कुमार, वीरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, अंशुल चौरसिया, दिनेश पाठक नाना, सौजन्य गुप्ता, सुशील दुबे आदि धरने पर बैठे।

# बागेश्वर बाबा के खिलाफ कलचुरी,ताम्रकार समाज के लोगो मे आक्रोश

छतरपुर/हमेशा विवादों में रहने वाले बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ उनके ही जिले में एफआईआर की मांग उठ रही है, कलचुरी समाज,ताम्रकार समाज ने स्क्र छतरपुर को ज्ञापन देकर एफआईआर की माँग की है,अपने ताजा बयान को लेकर बाबा अब बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं इतना ही नहीं बाबा बागेश्वर की आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में समाज के लोगो ने स्क्रऑफ़िस पहुँचकर कार्यवाही की मांग की है,दरसल कलचुरी समाज और ताम्रकार समाज के भगवान सहस्त्रबाहु को लेकर बागेश्वर बाबा ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी,जिसमे उनको राक्षस सहित आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग किया जिसको लेकर समाज के लोगों में भारी आक्रोश है,ओर समाज के लोगो ने कहा अगर बाबा ने सार्वजनिक माफी नही माँगी तो आंदोलन किया जाएगा बाबा के खिलाफ,इस दौरान अधिवक्ता सुशील शिवहरे प्रदेश युवा अध्यक्ष राष्टीय कलचुरी एकता महासंघ , काजू ताम्रकार जिलाध्यक्ष जिला ताम्रकार समाज, राम विश्वास शिवहरे (लकी) प्रदेश सचिव एवं कार्यालय मंत्री, , अभिषेक राय, काशीराम राय, अर्जुन शिवहरे, बद्री राय,श्रीमती कमलेश राय, सोनू शिवहरे,दुर्गेश शिवहरे, सचिन राय, आनंद ताम्रकार, गौरव निक्की ताम्रकार, सहित तमाम सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के घटक कलचुरी समाज के साथ ताम्रकार समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हो सके तो लौट के आना, ज्ञान, भक्ति, कर्म की त्रिवेणी का संगम थे दादा मधुकर राव हर्णे, श्रद्धांजलि सभा में बोले मुख्यमंत्री चौहान

सोहागपुर। हो सके तो लौट ज्ञान, भक्ति एवं कर्म की त्रिवेणी का संगम थे दादा मधुकर राव हर्णे, । दादा मधुकरराव हर्णे में ज्ञान का भंडार था।भक्ति उनके परिवार में सम्माहित थी।भोजन करने के पहले घर में भजन होता था।वे कर्मशील व्यक्तित्व के धनी थे। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होशंगाबाद के निजी गार्डन में आयोजित पूर्व राजस्व मंत्री मधुकर राव हर्णे की श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर कहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हेलीकॉप्टर से आने वाले थे ।किंतु सड़क मार्ग से आए । मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व तेज आंधी , बरसात ने कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा क्षेत्रीय संगठन मंत्री महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंदजी शर्मा, सांसद राव उदय प्रताप सिंह ,प्रभारी मंत्री बृजेंद्रप्रतापसिंह ,पूर्व मंत्री सरताजसिंह ,भाऊ साहब भुस्कुटे न्यास गोविंद नगर के अध्यक्ष विख्यात डॉक्टर अतुल जी सेठा, होशंगाबाद विधायक सीताशरण शर्मा ,सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ,पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ठाकुर ,विद्या भारती सह संगठन मंत्री अनिल जी अग्रवाल, विभाग समयक सुनील जी दीक्षित, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया ,जिला अध्यक्ष भाजपा



माधव दास अग्रवाल , पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष राजा भैया पटेल, भाजपा नेता विशाल गोलानी सोहागपुर,जन अभियान परिषद संभागीय समन्वयक कौशलेश तिवारी, राममूर्ति पटेल ग्राम तेलसिर के अलावा चारों विधानसभाओं के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मधु दादा को जो भी पार्टी ने कार्य दिया ।उन्होंने निष्ठावान तरीके से पूर्ण किया है। मधु दादा जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे ।आपने मधु दादा के बीज निगम अध्यक्ष के मामले में कहा कि जब उनको बीज निगम का अध्यक्ष बनाया गया था ।तब बीज निगम 20करोड़ नुकसान में चल रहा था। लेकिन उन्होंने बीज निगम को करोड़ों का लाभ अर्जित करके दिया।

ऐसे लोग कम जन्मते है। ईश्वर ने उनमें सारे गुण समाहित किए थे। मै उनके चरणों 8करोड़ जनता के तरफ से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं ।दादा आप हर समय याद आओगे। दादा की स्मृति में क्या करेंगे। इस पर विचार करेंगे।हो सके तो लौटके आना। इसी अवसर पर महंत परमसुख दास, पूर्व विधायक सविता दीवान ने मधुकर राव हर्णे के जीवन पर उत्कृष्ट पारिवारिक संबोधन करके उनके व्यक्तित्व की सराहना करते कहा कि बड़ा परिवार था हर्णे जी का इसी अवसर पर कई वक्ताओं ने दादा मधुकर राव हर्णे जीवन पर अपनी बातें रखी। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय मधुकर आवरण को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।कार्यक्रम में उनके पुत्र प्रशांत हर्णे, प्रसन्ना हर्णे सहित पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म. प्र.)**

दूरभाष ( 07141 ) कार्यालय 238320 Email-eephedbet@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 1108/ लेखा / का.यं. / लोस्वायांवि. खंड / बैतूल / दिनांक 21.04.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विभिन्न 7 विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर. सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी एवं आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| स. क. | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड का नाम | ग्राम की संख्या | निविदा की अनुमानित लागत ( रू. लाख में ) | धरोहर राशि ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू.में ) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268475_1 | शाहपुर | 5 | 176.01 | 176010 | 12500 | 06 माह वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 2 | 23/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268486_1 | शाहपुर | 5 | 162.76 | 162760 | 12500 | 06 माह वर्षाकाल सहित | |
| 3 | 24/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268506_1 | भैंसदेही/ आठनेर | 3 | 87.11 | 87110 | 10000 | 06 माह वर्षाकाल सहित | |
| 4 | 25/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268508_1 | घोडाडोंगरी | 1 | 18.87 | 37740 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | |
| 5 | 26/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268511_1 | भैंसदेही | 1 | 13.34 | 26680 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | |
| 6 | 27/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 268514_1 | शाहपुर | 1 | 13.22 | 26440 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | |
| 7 | 28/23-24/ Dt.21.04.2023 | 2023_PHED_ 270046_1 | शाहपुर | 1 | 12.91 | 25820 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | |

ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय:- 25.04.2023 11.00 बजे से
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय :- 15.05.2023 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय :- 17.05.2023 11.00 बजे से

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

जी-12151/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स उद्यान में नीम, अमरूद और जामुन के पौधे लगाए। बालक अभिजीत सिंह पवार और बालिका नित्या अहिरवार के जन्मदिवस पर उनके परिवारजन् भी पौधरोपण में सम्मिलित हुए।



बिहार के सीतामढ़ी में स्थित जगतजननी माँ जानकी के प्राकट्य स्थल पुनौराधाम में जानकी नवमी के पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष प्रभात झा ने संबोधित किया। यहां उन्होंने जगतगुरू रामभद्राचार्य जी से आशीष आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे, बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष देवेश ठाकुर एवं पूर्व सांसद अरुण कुमार सहित गुरुजी के उत्तराधिकारी आचार्य रामदास जी भी उपस्थिति थे।

# इजरायल राष्ट्र के 75 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रुप में शामिल होंगे प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल



**भोपाल।** इजरायल राष्ट्र के 75 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 30 अप्रैल (रविवार)को नई दिल्ली में इजरायल के दूतावास पर आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री एवं किसान नेता कमल पटेल को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। मंत्री पटेल रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में नई दिल्ली पहुंचेंगे और भाग लेंगे।

दिल्ली स्थित इजरायल दूतावास के प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इजरायल हर साल 30 अप्रैल को अपने राष्ट्र की आजादी का जश्न मनाता है। इस बार इजराइल की आजादी का 75 वा वर्ष है इसलिए नई दिल्ली में 30 अप्रैल रविवार को शाम 5ः30 बजे से जश्न ए आजादी का समारोह शुरू होगा और रात 10 बजे पर इसका समापन होगा।समारोह में अन्य राज्यों के विशिष्ट लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।इजरायल दूतावास के प्रवक्ता द्वारा यह भी बताया गया कि हरदा जिले की खिरकिया तहसील के ग्राम पंचायत बम्हनगांव के ग्राम बोंडगांव में 35 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर इंडो इजरायल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना की जा रही है। जिस से नर्मदापुरम संभाग सहित प्रदेश के कई जिलों के लाखों किसानों को कृषि के क्षेत्र उन्नत तकनीक के लिए मार्गदर्शन मिल सकेगा। हरदा में स्थापित हो रहे इस सेंटर के पीछे कृषि मंत्री कमल पटेल की भूमिका काफी सक्रिय रही है।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संप, तृतीय वर्ग कर्मचारी संप, मध्यप्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ और मध्यप्रदेश पेंशनर एसोसिएशन ने मांगों को लेकर दूसरे चरण का आंदोलन शुरू कर दिया है। इसके तहत आज नीलम पार्क में प्रदेश व्यापी धरना दिया एवं प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मांगों को किराये जाने हेतु समय समय पर संगठनों ने कई बार शासन स्तर पर ज्ञापन दिये जाने के पश्चात् भी हमारी मांगों पर सरकार ने गंभीरता से विचार करते हुये निराकरण कराये जाने में सहयोग नहीं किया, जिसके कारण कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है और हम आंदोलन करने को मजबूर हुए। हमारी प्रमुख मांगें हैं- विभागाध्यक्ष एवं उसके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत् समस्त लिपिकों को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान 1.4.2006 से दिया जाये, भृत्य का पदनाम परिवर्तित किया जाकर कार्यालय सहायक किया जाये। अनुकम्पा नियुक्ति सहायक ब्रेड-3 को निर्धारित समयावधि में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीण नहीं कर पाने के कारण किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्त नहीं की जाये, जिन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है उन्हें पुन सेवा में लिया जाये। टैक्सी प्रथा बंद की जाये तथा विभागों में वाहन चालकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाकर समाप्त किये गये पदों को पुर्नजीवित किया जावे। 1.1.2005 के पश्चात् नियुक्त कर्मचारियों को नई पेंशन प्रणाली को बंद किया जाकर पुरानी पेंशन बहाल की जायें। (6) वर्ष 2016 से बंद तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नतियां पात्रता दिनांक से दी जाये। सहायक ग्रेड-3 एवं कम्प्यूटर आपरेटर की योग्यता एवं कार्य एक समान होने के कारण सहायक ग्रेड-3 को कम्प्यूटर आपरेटर के समान ग्रेड-पे 2400 दिया जावे। सहायक शिक्षक / शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान के स्थान पर समयमान वेतनमान व पदोन्नति पदनाम दिया जाय तथा शिक्षकों को केन्द्र के अनुरूप वें एवं सातवें केन्द्रीय वेतनमान का लाभ दिया जावे। सीधी भर्ती के पदों पर दिये जा रहे स्वयफंड 70, 80 एवं 90 प्रतिशत के स्थान पर नियुक्ति दिनांक से संबंधित पद का वेतनमान दिया जावे। (10) विभिन्न संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों यथा लिपिक, कार्यपालिक एवं तकनीकी, कृषि विस्तार अधिकारी, कलाकार, महिला बाल विकास सुपरवाईजर, पोलिटेक्निक एवं उच्च शिक्षा के प्रयोगशाला तकनीशियन, वन रक्षक-वन पाल संवर्ग सहित अन्य विभागों के संवर्गों में व्याप्त वेतनमान की विसंगतियों को दूर किया जावे। धरने में एम.पी. द्विवेदी, महेन्द्र शर्मा, अतुल मिश्रा, साबिर खांन, श्याम जोशी आदि शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश

# 60 मिलियन वर्ष पुराने पत्थर से बनी श्रीराम की मूर्ति, 22 जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। इस बारे में जानकारी उत्तर प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने ट्वीट कर दी। मंत्री सुरेश खन्ना ने ट्वीट किया कि 22 जनवरी को गर्भगृह में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा। जय श्री राम। ट्रस्ट ने उम्मीद जताई है कि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रहेंगे। राम मंदिर का कार्य फिलहाल 60 फीसदी पूरा हो चुका है।



## नई और पुरानी दोनों राम प्रतिमाओं की स्थापना करने की योजना

आपको बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट समिति की 2 दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई है, जिसके बाद खन्ना का ट्वीट सामने आया है। राम मंदिर में नई और पुरानी दोनों राम प्रतिमाओं की स्थापना करने की योजना बनाई गई है। राम मंदिर के गर्भगृह को इस प्रकार से बनाया जा रहा है कि रामलला की मूर्ति पर रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें सीधे अभिषेक करें। उस दिन सूर्य की किरणें श्रीराम के ललाट पर 5 मिनट तक रहेगी। इसे सूर्य तिलक कहा गया है।

## शालिग्राम के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया

भगवान राम और सीता मां की मूर्तियों को बनाने के लिए शालिग्राम के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मूर्तियों को बनाने के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, वे नेपाल से लाए गए हैं। ये पत्थर करीब 60 मिलियन वर्ष पुराने हैं और नेपाल की काली गंडकी नदी में खोजे गए थे। भगवान राम की मूर्ति की ऊंचाई 5 से 5.5 फीट के बीच होगी। भगवान राम की ऊंचाई इस तरह से चुनी गई है कि रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें सीधे भगवान राम के माथे पर पड़े। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित करेंगे।





आज स्वच्छ अभियान के तहत जोन 03 के अंतर्गत डी आई जी बंगला से डोर टू डोर एवम नालों का निरीक्षण प्रारंभ किया, इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री आर के सिंह बघेल, एम आई सी सदस्य मनोज राठौर, पार्षद देवेन्द्र भार्गव, पार्षद शैलेश साहू एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

## मन की बात की शतक का आयोजन करेगा भाजपा भोपाल जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ

**भोपाल।** भाजपा भोपाल जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. महेश गुप्ता ने बताया कि भोपाल जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन बालाजी फैक्कर एवं जनरल अस्पताल सोनागिरि, पिपलानी में 30 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के मन की बात को सुनने के लिए भोपाल के समस्त गणमान्य चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।




ये बिटिया मुंबई से आने बाली ट्रैन में बरेली में मिली है इसका नाम सोनल पटेल है। कृपया अपनी बेटी समझ कर आगे शेयर करें जिसकी किसी की बच्ची है उसको ये मिल जाये प्रार्थना भी करें- मंगल प्रसाद चौरसिया प्रयाग राज

## बोर्ड परीक्षा के परिणाम कल?

**भोपाल।** एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा का परिणाम कल आने की संभावना है। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके रिजल्ट जारी करेंगे। 10वीं की परीक्षा 1 मार्च से 27 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। वहीं, 12वीं बोर्ड की परीक्षा 2 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। पिछले साल रिजल्ट 29 अप्रैल को जारी कर दिया गया था। पिछले वर्ष 10वीं का रिजल्ट 59.54 प्रतिशत और 12वीं का 72.72 प्रतिशत रहा था। मैट्रिक और इंटरमीडिएट में दो विषयों में फेल होने वाले छात्रों को पास के लिए एक मौका दिया जाएगा। स्टूडेंट्स कंपार्टमेंटल एग्जाम दे पाएंगे एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं परीक्षा में एक या दो विषय में 33 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले छात्रों के लिए कंपार्टमेंट एग्जाम का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा जुलाई में होगी। इसका रिजल्ट अगस्त में जारी किया जाएगा।

# महाराज सहस्त्रबाहु को लेकर दिए बयान पर धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने इंटरनेट मीडिया पर लोगों से माफी मांगी है। उन्होंने यह माफी पिछले दिनों भगवान परशुराम और सहस्त्रबाहु अर्जुन के बीच हुए युद्ध को लेकर दिया था। उन्होंने कहा है कि उस कथन से यदि किसी की भावना आहत हुई हो तो उसके लिए उन्हें खेद है।

विगत कुछ दिनों से एक विषय संज्ञान में आया है एक चर्चा के मध्य में मेरे द्वारा भगवान परशुराम जी एवं महाराज सहस्त्रबाहू अर्जुन जी के मध्य हुए युद्ध के विषय में जो भी कहा गया है वह हमारे पवित्र हिन्दू शास्त्रों में वर्णित आधार पर कहा गया है।

भगवान परशुराम और राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन को लेकर पिछले दिनों धीरेंद्र शास्त्री ने कथा के दौरान कुछ बातें कहीं थी। जिसे लेकर लोगों ने उनका विरोध किया था। जब यह बात धीरेंद्र शास्त्री के पास पहुंची। तो उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट कर कहा कि विगत कुछ दिनों से एक विषय संज्ञान में आया है एक चर्चा के मध्य में मेरे द्वारा भगवान परशुराम जी एवं महाराज सहस्त्रबाहुअर्जुन जी के मध्य हुए युद्ध के विषय में जो भी कहा गया है वह हमारे पवित्र हिन्दू शास्त्रों में वर्णित आधार पर कहा गया है।

हमारा उद्देश्य किसी भी समाज अथवा वर्ग की भावनाओं को आहत करने का नही था न ही कभी होगा,क्योंकि हम तो सदैव सनातन की एकता के पक्षधर रहे हैं। फिर भी यदि हमारे किसी शब्द से किसी की भावना आहत हुई हो तो इसका हमें खेद है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब हिन्दू एक हैं। एक रहेंगे। हमारी एकता ही हमारी शक्ति है।

## धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कलचुरी समाज ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा




**भोपाल।** कलचुरी कलार समाज मध्यप्रदेश ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धामद्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जी का आपमान किए जाने के विरोध में पुलिस कमिश्नर भोपाल को आज ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री द्वारा कथा वाचन करते हुए अपमानजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया फेसबुक में अपलोड कर प्रचारित व प्रसारित किया जा रहा है। इससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि हैहय क्षत्रिय कलचुरी, कलार, कलाल, कलवार समाज के प्रति अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करते हुए जानबूझ कर मिथ्या कथन कह कर लोक शांति भंग किए जाने के कारण धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जाए।

# पांचवीं व आठवीं के मूल्यांकन कार्य से अनुपस्थित 66 शिक्षकों को नोटिस जारी

**भोपाल।** वर्तमान में पांचवीं व आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, लेकिन मूल्यांकन कार्य में शिक्षक रुचि नहीं ले रहे हैं, जबकि मूल्यांकन कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करना है। कुछ समय पूर्व दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य में भी संयुक्त संचालक के निरीक्षण करने पर 300 से अधिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे। इसी तरह जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में पांचवीं व आठवीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य से भी 66 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। नोटिस में साफ लिखा है कि अगर कोई शिक्षक जवाब नहीं देगा तो उनके खिलाफ एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीपीसी ने जारी पत्र में लिखा है कि 21 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य जारी है और कुछ शिक्षक परीक्षा व मूल्यांकन जैसे कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जो भी मूल?याकंन कार्य से गैरहाजिर पाया गया, उसके इस आचरण को घोर लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक संगठनों ने किया विरोध

शिक्षक संगठनों ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा है कि शिक्षकों को एक साथ कई कार्य में लगा दिया गया है। इस कारण वे मूल कार्य कर नहीं पा रहे हैं। मप्र शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष सुभाष सक्सेना का कहना है कि इस बार मूल्यांकन कार्य आनलाइन किया जा रहा है। कई शिक्षक कंप्यूटर चलाने में दक्ष नही हैं। इस कारण परेशानी हो रही है।

# प्रदेश में घट रही गौवंशीय आबादी, भेड़, बकरी, भैंस की संख्या बढ़ी

**भोपाल।** देश में पशु गणना हर पांच साल में होती है। 2012 के बाद 2019 में हुई पशु गणना के आंकड़े बताते हैं। कि मप्र में गौवंशीय पशु यानि गाय, बैल की संख्या घटी है, जबकि भेड़, बकरी, भैंस वंशीय जानवरों की तादाद बढ़ी है।

पशुपालन विभाग से मिली जानकारी बताती है कि मप्र में सबसे ज्यादा अंडा उत्पादक जिला जबलपुर है। जबलपुर में 9077.73 लाख अंडों का उत्पादन पिछले साल हुआ। दूसरे नंबर पर भोपाल में 5225.13 लाख, तीसरे नंबर पर छिंदवाड़ा में 779.39 लाख, राजगढ़ में 765.22 लाख और बडवानी 757.13 लाख अंडों का उत्पादन हुआ। अंडा उत्पादन में दतिया (25.13), भिंड (26.18), अशोकनगर (36.14), नीमच(40.05), मुरैना (56.34) लाख अंडों का उत्पादन हुआ। ये पांच जिले सबसे पीछे हैं।

## शहरों में मांस की खपत सबसे ज्यादा

मप्र के बड़े शहरों में मांस की खपत सबसे ज्यादा है। मप्र में 127.05 टन मांस का उत्पादन होता है। सबसे ज्यादा 16.03 टन मांस का उत्पादन भोपाल में होता है। जबलपुर में 13.16, इंदौर में 11.18, देवास में 6.80, विदिशा में 4.26 टन मांस का उत्पादन होता है।

## पशुपालन से हर व्यक्ति का कनेक्शन

पशुपालन विभाग की अतिरिक्त उप संचालक डॉ उमा कुमरे (परते) कहतीं हैं कि हर व्यक्ति कहीं ना कहीं पशु और पशु उत्पादों से, उनके बाजार मूल्यों से, दूध-दही घी अंडे से और उसके बाजार भाव से प्रभावित प्रभावित होता है। हमारा कोई भी समाज हो उसका त्यौहार बिना दूध-दही, घी, पनीर, खोवा, मक्खन के संभव नहीं। इसलिए हम सभी पशु चिकित्सकों का दायित्व हमारी जिम्मेदारी समाज के हर वर्ग के लिए है। दूध और अंडे प्रोटीन का बेहतरीन विकल्प हैं, जो कुपोषित बच्चों, गर्भवती माताओं-बहनों, बुजुर्गो के लिए आसानी से बाजार में उपलब्ध हैं और जो शिशुओं, बढ़ते बच्चों, बालक बालिकाओं के लिए प्राथमिक आहार है।

# फिल्म पुष्पा की तर्ज पर अफीम की तस्करी

## ट्रक में बना रखा था गुप्त केबिन, 2 करोड़ 40 लाख की अफीम जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में फिल्म पुष्पा की तर्ज पर अफीम की तस्करी की जा रही थी. नारकोटिक्स विंग ने ट्रक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी के पास से 80 किलो 250 ग्राम अफीम बरामद हुआ है. जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 2 करोड़ 40 लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपी सुजान राम मणिपुर से गुजरात के लिए 25 टन मक्का भरकर ले जा रहा था।



नारकोटिक्स की इंदौर विंग ने मुखबिर की सूचना पर महू नीमच रोड पर पहले ट्रक को रोका और ट्रक की तलाशी ली गई, तो पीछे ट्रक में 25 टन मक्का भरा मिला. पूरे ट्रक को चेक करने के बाद भी माल नहीं मिल रहा था. ड्राइवर सुजान से कड़ाई से पूछताछ की गई. इसके बाद उसने ड्राइवर सीट के नीचे गोपनीय स्थान बना कर रखा था. जिसके अंदर 80 किलो 250 ग्राम अफीम छुपाकर तस्करी कर रहा था. आरोपी अक्सर अकेला ही ट्रक पर चलता है. पुलिस पूछताछ में बताया कि वह माल मणिपुर से गुजरात की ओर ले जा रहा था. फिलहाल आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

नारकोटिक्स विंग एडिशनल एसपी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग में अब तक की प्रदेश की सबसे बड़ी कार्रवाई है. जिसमें 80 किलो 250 ग्राम अफीम पुलिस ने जब्त किया है. पुलिस तस्करी करने वाले आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है. आरोपी से पूछताछ में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।